
mediaauditornews@gmail.com Epaperdainikmediaauditor.in वर्ष-06 अंक-80 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
23 मार्च 2026 सोमवार

दैनिक
# मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना एवं मनेन्द्रगढ़ से एक साथ प्रकाशित

# टॉप-10 मंदिरों के पास 9 लाख करोड़ की संपत्ति



## तिरुपति बालाजी दुनिया का तीसरा सबसे अमीर धर्मस्थल, पद्मनाभमंदिर के पास सबसे ज्यादा खजाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के टॉप 10 सबसे अमीर मंदिरों के पास 9 लाख करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है। ग्लोबल वेल्थ इंडेक्स-2026 के मुताबिक तिरुपति बालाजी मंदिर 3.38 लाख करोड़ की चल-अचल संपत्ति के साथ दुनिया का तीसरा सबसे अमीर धर्मस्थल है।



इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड(IMF) और वर्ल्ड बैंक के डेटा के मुताबिक तिरुपति मंदिर की कुल संपत्ति साइप्रस, आइसलैंड, एस्टोनिया जैसे 100 छोटे देशों की GDP से भी ज्यादा है। यहां सामान्य और खास दिनों में औसतन 1 से 5 करोड़ तक का चढ़ावा आता है। इस साल 17 मार्च को एक ही दिन 4.88 करोड़ का चढ़ावा आया।

इसी तरह प्राचीन खजाने के मामले में केरल का पद्मनाभस्वामी मंदिर सबसे अमीर है। इसकी संपत्ति का 99% हिस्सा 'प्राचीन खजाने' के रूप में है, जिसमें सोने की मूर्तियां, सिक्के और हीरे शामिल हैं। इसका आज बाजार मूल्य 2 लाख करोड़ से ज्यादा है। इसे सरकार और सुप्रीम कोर्ट का संरक्षण है।

**तिरुपति की संपत्ति 2 साल में 35% बढ़ी :** टॉप-3 धर्मस्थलों की कुल संपत्ति मार्च 2024 के बाद से अब तक काफी बढ़ी है। लेकिन इसकी बड़ी वजह सोना है। उस वक्त सोना 65 हजार प्रति 10 ग्राम के आसपास था। आज 1.50 लाख है। इस तरह तिरुपति मंदिर की संपत्ति इन दो साल में 35%, पद्मनाभस्वामी की 100% तो जगन्नाथ पुरी मंदिर की करीब 50% बढ़ चुकी है। जबकि इन मंदिरों के नकद दान में कुल 10 से 12% की ही बढ़ोतरी हुई है। तिरुपति मंदिर की आय का एक बड़ा हिस्सा उन 11 टन से अधिक सोने के भंडार पर मिलने वाले ब्याज से आता है, जो देश के विभिन्न बैंकों में जमा है।

### किस मंदिर के पास कितनी अनुमानित संपत्ति

| धर्मस्थल | कुल अनुमानित संपत्ति (चल-अचल) | सालाना कुल आय |
|---|---|---|
| पद्मनाभस्वामी मंदिर, केरल | ₹1,50,000 - ₹2,50,000 करोड़ | ₹15-25 करोड़ |
| तिरुपति बालाजी, आंध्र प्रदेश | ₹3,00,000 - 3,38,000 करोड़ | ₹5,258 करोड़ |
| स्वर्ण मंदिर, अमृतसर | अमूल्य (ऐतिहासिक और स्वर्ण) | ₹1,260 करोड़ |
| जगन्नाथ मंदिर, पुरी | ₹1,20,000 करोड़ | ₹1,000-1,200 करोड़ |
| साईं बाबा मंदिर, शिर्डी | ₹3,000 करोड़ | ₹500 - 600 करोड़ |
| श्रीराम मंदिर, अयोध्या | ₹6,000 - 9,000 करोड़ | ₹327 करोड़ |
| वैष्णो देवी मंदिर, जम्मू | ₹2,500 करोड़ | ₹250 - 300 करोड़ |
| सिद्धिविनायक मंदिर, मुंबई | ₹800 करोड़ | ₹133 करोड़ |
| काशी विश्वनाथ वाराणसी | ₹3,000 करोड़ | ₹100 - 125 करोड़ |
| सोमनाथ मंदिर गुजरात | ₹1,300 करोड़ | ₹40 - 55 करोड़ |

कुल अनुमानित संपत्ति के आंकड़े 2025-26 के (सोर्स- ग्लोबल वेल्थ इंडेक्स, वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल, टीटीडी बोर्ड, मंदिर ट्रस्टों की ऑडिट रिपोर्ट्स और राज्य सरकारों का डेटा।)

# भारत में आतंकी घटनाओं में 43% की कमी

### पाकिस्तान आतंकवाद प्रभावित देशों में टॉप पर; आतंकी हमलों की संख्या में भी 22% गिरावट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में पिछले एक साल में आतंकी घटनाओं में 43% की कमी दर्ज की गई है। ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2026 की सूची में भारत 13वें स्थान पर आ गया है। पिछले साल के मुकाबले भारत दो पॉइंट नीचे आ गया है। इससे पहले भारत 11वें स्थान पर था। वहीं, सूची के अनुसार दक्षिण एशिया लगातार दसवें वर्ष आतंकवाद से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र बना हुआ है। पहली बार पाकिस्तान इस लिस्ट में टॉप पर है और आतंकवाद से सबसे अधिक प्रभावित देश बन गया है। अफगानिस्तान में हालात में सुधार है और यह अब टॉप 10 देशों की लिस्ट से बाहर आ गया है। दुनियाभर में 2025 में आतंकवाद से होने वाली मौतों में 28% की कमी आई है। आतंकी हमलों की संख्या भी लगभग 22% गिरकर 2,944 हो गई है। कुल मिलाकर इस साल 81 देशों में स्थिति सुधरी है, जबकि 19 देशों में स्थिति खराब हुई है।

**पश्चिम देशों में मौतें में 280% की बढ़ोतरी :** पश्चिमी देशों में आतंकवाद से होने वाली मौतों में लगभग 280% तक बढ़ोतरी दर्ज की गई। साथ ही यूरोपियन यूनियन की रिपोर्ट के मुताबिक 2024 में 14 यूरोपीय यूनियन (ईयू) देशों में कुल 58 आतंकी हमले दर्ज हुए। इनमें फ्रांस (14 हमले) और जर्मनी (6 हमले) प्रमुख रहे। इसके अलावा 20 ईयू देशों में आतंकवाद से जुड़े मामलों में 449 लोगों की गिरफ्तारी हुई। ब्रिटेन में 3000 से ज्यादा गिरफ्तारियां हुई हैं।

### सीजेआई बोले- एआई ज्यूडीशियरी को मजबूत करने में मदद करे :डेटा-रिकॉर्ड संभाले

## पैटर्न पहचाने लेकिन फैसले सुनाने के काम में दखल न दे



**बेंगलुरु, एजेंसी।** CJI जस्टिस सूर्यकांत ने कहा है कि AI (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) को ज्युडिशियल सिस्टम में इस तरह से शामिल किया जाना चाहिए जिससे यह हमारी व्यवस्था को मजबूत करे, न कि उसके असली काम को ही कमजोर कर दे। CJI बोले- AI को बड़ी मात्रा में डेटा और रिकॉर्ड को संभालने, पैटर्न पहचानने और सिस्टम में हो रही देरी को कम करने में मदद करनी चाहिए। वह फैसले सुनाने के काम में दखल न दे, बल्कि फैसले इंसानों के हाथों में ही रहना चाहिए।' चीफ जस्टिस सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के बेंगलुरु में हुए राष्ट्रीय सम्मेलन-2026 में शामिल हुए थे। जहां 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस- विवादों की रोकथाम और समाधान' विषय सेमिनार रखा गया था।

**लैंगिक समानता पर बोले- सरकारी वकीलों और पैनल में 50% महिलाएं हों :** CJI सूर्यकांत ने कानूनी पेशे में लैंगिक समानता को लेकर भी सुझाव दिया। CJI ने कहा कि सरकारी वकीलों और मुफ्त कानूनी सहायता पैनल में कम से कम 50% महिलाओं को शामिल किया जाना चाहिए। देश में 45 से 50% न्यायिक अधिकारी महिलाएं हैं और कई राज्यों में यह आंकड़ा 60% तक पहुंच चुका है। कानून के क्षेत्र में महिलाओं की संख्या बढ़ी है, लेकिन करियर के अगले फेज में भागीदारी घट जाती है। इसके पीछे अनियमित काम के घंटे, मुवक्किलों का भरोसा कम मिलना और आर्थिक अस्थिरता जैसी समस्याएं हैं।

## एसआईआर के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी होने से पहले अलर्ट, जिलाधिकारियों को सुरक्षा के कड़े निर्देश


**कोलकाता ,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए खास निर्देश दिए हैं। 23 मार्च को राज्य में पूरक (सप्लीमेंट्री) मतदात सूची जारी होनी है। इस दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए सावधानी बरतने को कहा गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी और राज्य सचिवालय के गृह और पर्वतीय मामलों के विभाग ने यह आदेश जारी किया है। सोमवार शाम को यह लिस्ट आने की उम्मीद है। जिलाधिकारियों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि जिन जगहों पर भीड़ जुटने की संभावना है, वहां भीड़ को काबू करने के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। संवेदनशील इलाकों पर कड़ी नजर रखी जाए और शांति बनाए रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएं। सरकार के वरिष्ठ विशेष सचिव ने यह निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिला अधिकारियों से कहा है कि वे जरूरी बुनियादी ढांचा तैयार रखें और पुलिस को पूरी जानकारी दें। इस आदेश की जानकारी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) और कोलकाता पुलिस कमिश्नर को भी दे दी गई है ताकि वे सुरक्षा व्यवस्था संभाल सकें।

### ईरान ने इजराइल पर 4 मिसाइलें दागीं,300 लोग घायल

# ट्रम्प ने होर्मुज खोलने के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया

# ईरान बोला- अमेरिका-इजराइल के वाटर प्लांट उड़ा देंगे





**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** ईरान ने इजराइल पर रविवार सुबह से 4 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, इन हमलों में 300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इजराइली विदेश मंत्रालय और स्वास्थ्य सेवाओं के अनुसार, घायलों में बच्चे भी शामिल हैं।

इससे पहले ईरान ने शनिवार रात भी इजराइल के डिमोना और अराद शहरों पर हमला किया था। यहां इजराइल का बड़ा न्यूक्लियर प्लांट है। ईरान की ओर से यह हमले ट्रम्प की धमकी के बाद बढ़े हैं। दरअसल, ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर धमकी देते हुए लिखा- अगर 48 घंटे के भीतर होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह नहीं खोला गया, तो अमेरिका ईरान के पावर प्लांट पर हमला करेगा। शुरुआत सबसे बड़े प्लांट से होगी।

वहीं, ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर उसके पावर प्लांट को निशाना बनाया गया, तो वह मिडिल ईस्ट में अमेरिका और इजराइल से जुड़े सभी ऊर्जा ढांचों पर हमला करेगा।

### ईरान बोला- BRICS देश हमला रोकने में रोल निभाएं

ईरान के राष्ट्रपति मसूज पजशकियान ने शनिवार को पीएम मोदी से फोन पर बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि BRICS को ईरान पर हो रहे हमले रोकने में भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि BRICS को बिना किसी दबाव के, अपने दम पर काम करना चाहिए और इस मामले में आगे आना चाहिए।
ईरान के राष्ट्रपति ने यह भी सुझाव दिया कि मिडिल ईस्ट के देशों को मिलकर एक नया सुरक्षा सिस्टम बनाना चाहिए। इससे इलाके में शांति और स्थिरता बनी रहेगी और बाहर के देशों का दखल कम होगा।

## अमेरिका से एलपीजी, रूस से क्रूड लेकर भारत पहुंचा शिप

### गैस-कच्चा तेल लेकर 5 जहाज भारत आ चुके; फारस की खाड़ी में सभी 22 जहाज सुरक्षित



**बेंगलुरु, एजेंसी।** अमेरिका के टेक्सास से लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (LPG) लेकर एक कार्गो शिप रविवार को मेंगलुरु पोर्ट पर पहुंच गया है। वहीं रूस से एक जहाज क्रूड लेकर भारत आया। पिछले 7 दिनों में करीब पांच जहाज गैस-कच्चा तेल लेकर समुद्र के रास्ते भारत पहुंचे। इससे पहले 18 मार्च को क्रूड ऑयल टैंकर 'जग लाडकी' गुजरात में अडाणी पोर्ट्स आया था। वहीं, दो अन्य LPG कैरियर MT शिवालिक और MT नंदा देवी करीब 92,712 मीट्रिक टन गैस लेकर 16 और 17 मार्च को भारत आए थे। हालांकि, ये तीनों जहाज होर्मुज के रास्ते से होकर गुजरे थे।

फारस की खाड़ी में अभी भी करीब 22 भारतीय जहाज फंसे हुए हैं। हालांकि, वे सभी सुरक्षित हैं। फारस की खाड़ी में मौजूद होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के अहम शिपिंग रूट्स में शामिल है। यहां से दुनियाभर की करीब 20% ऑयल की सप्लाई होती है।

## राउत बोले- मोदी जी अब झोला उठाओ और चले जाओ,आप देश चलाने के काबिल नहीं

### रुपया गिर रहा, पीएम इलेक्शन कैंपेन में बिजी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने रविवार को कहा कि पीएम मोदी अब देश का नेतृत्व करने में काबिल नहीं हैं। रुपया लगातार गिर रहा है, जंग आज है, लेकिन कल तो जंग नहीं हुई थी। रुपया ठीक उसी समय नीचे गिरना शुरू हुआ जब पीएम मोदी प्रधानमंत्री बने। पीएम अभी भी इलेक्शन कैंपेन में बिजी हैं और उन्हें रुपये की कोई परवाह नहीं है। मेरे पास उनसे कहने के लिए बस एक ही बात है कि 'मोदी जी, अब झोला उठाओ और चले जाओ।' दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिवसेना MP ने कहा, अब रुपये के हालात देखिए। बस सेंचुरी लगना बाकी है। अबकी बार, 100 के पार। बताइए मोदी जी कहां हैं? वे पश्चिम बंगाल में हैं, ममता बनर्जी को हराने के लिए प्रेसिडेंट रूल की तैयारी कर रहे हैं। मोदी जी और शाह जी पश्चिम बंगाल में 'खेला' करने की कोशिश कर रहे हैं, और रुपये की वैल्यू गिर रही है। मोदी जी कह रहे थे कि जब रुपये की वैल्यू गिरती है, तो देश की इज्जत गिरती है। अब क्या गिर रहा है?

### नौ करोड़ रुपये के प्रतिबंधित चाइनीज वॉकी-टॉकी जब्त, डीआरआई की नवी मुंबई बंदरगाह पर बड़ी कार्रवाई

**मुंबई, एजेंसी।** राजस्व खुफिया निदेशालय (DRI) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नवी मुंबई के न्हावा शेवा बंदरगाह पर 11,060 प्रतिबंधित वॉकी-टॉकी सेट और सेकंड-हैंड हार्ड डिस्क ड्राइव (।ष्षष्ह्य) जब्त किए हैं, जिनकी कुल कीमत 9.25 करोड़ रुपये है। शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुंबई की दो फर्मों के मालिक, एक पिता-पुत्र की जोड़ी, को सीमा शुल्क अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोप है कि पिता-पुत्र ने बिना अनुमति के ये सामान आयात किया था। खुफिया सूचना के आधार पर डीआरआई ने की कार्रवाई विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, DRI अधिकारियों की एक टीम ने यह कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान 2.5 करोड़ रुपये के बाओफेंग बीएफ-888एस वॉकी-टॉकी और 6.75 करोड़ रुपये मूल्य के सेकंड-हैंड हार्ड डिस्क ड्राइव (जिन्हें ई-कचरा माना जाता है) जब्त किए। अधिकारियों ने बताया कि प्रतिबंधित सामानों को 21 करोड़ रुपये के अन्य इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के बीच छिपाकर रखा गया था।

## छत्तीसगढ़ के खल्लारी माता मंदिर में रोप-वे केबल टूटा,ट्रॉली 20 फीट नीचे गिरी

### चट्टान से टकराई, युवती की मौत, 4 की हालत गंभीर





**महासमुंद, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में स्थित प्रसिद्ध खल्लारी मंदिर में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। चैत्र नवरात्र के चौथे दिन सुबह करीब 10:30 बजे मंदिर पहुंचने के लिए बने रोपवे का केबल अचानक टूट गया। ट्रॉली में सवार 5 श्रद्धालु 20 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गए। ट्रॉली पहाड़ी की चट्टान से टकराई। हादसे में एक युवती की मौत हो गई है। 4 गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों में बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं। सभी को तुरंत बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पलात रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक श्रद्धालु देवी के दर्शन कर रोपवे से लौट रहे थे।

**दर्शन करके लौटते समय हादसा :** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, श्रद्धालु दर्शन करके रोपवे से लौट रहे थे। केबल टूटने के बाद ट्रॉली अनियंत्रित हो गई। लगभग 20 फीट नीचे पहाड़ी की चट्टान से जा टकराई। इस जोरदार झटके के कारण ट्रॉली में बैठे लोगों को गंभीर चोटें आईं।

हादसे के बाद मंदिर परिसर में अफरातफरी मच गई और बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालु दहशत में आ गए। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को निजी वाहनों की सहायता से अस्पताल पहुंचाया गया। **नवरात्र के कारण श्रद्धालुओं की भीड़ :** चैत्र नवरात्र के कारण खल्लारी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी। स्थानीय लोगों ने रोपवे के नियमित रखरखाव और सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यदि समय-समय पर इसका मेंटेनेंस किया जाता तो इस तरह की घटना से बचा जा सकता था।



## मोदी सबसे ज्यादा दिन सरकार प्रमुख रहने वाले राजनेता

### सीएम-पीएम मिलाकर बतौर हेड ऑफ गवर्नमेंट 8931 दिन पूरे; पवन कुमार चामलिंग को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत में सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख रहने वाले नेता बन गए हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के तौर पर सरकार के प्रमुख के रूप में 8,931 दिन पूरे करने के साथ ही पीएम मोदी ने चामलिंग के 8,930 दिनों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। उन्होंने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग को पीछे छोड़ दिया है। पीएम मोदी इससे पहले गुजरात के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमंत्री रह चुके हैं, और वे ऐसे प्रधानमंत्री भी हैं जिनके पास मुख्यमंत्री के तौर पर काम करने का सबसे लंबा अनुभव है।

**मोदी 4 बार गुजरात के मुख्यमंत्री, 3 बार प्रधानमंत्री बने :** 17 सितंबर को जन्मे नरेंद्र मोदी 6 साल की उम्र में ही कांग्रेस की ओर से महागुजरात आंदोलन का हिस्सा बने। फिर 8 साल की उम्र में RSS से जुड़ गए थे। 7 अक्टूबर 2001 को 51 साल की उम्र में बिना विधायक बने ही मोदी गुजरात के 14वें मुख्यमंत्री बने। 24 सालों में 14 साल गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और अब तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री हैं।

**2025 में मोदी ने बतौर पीएम इंदिरा गांधी का रिकॉर्ड तोड़ा, लेकिन नेहरू से अब भी पीछे :** नरेंद्र मोदी भारत के लगातार सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले दूसरे पीएम भी हैं। वे पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के 4077 दिनों (24 जनवरी 1966 से 24 मार्च 1977) का रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं।

# लोड और खराब वायरिंग से आग का खतरा, विशेषज्ञों ने बताई सावधानियां



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में बढ़ती बिजली खपत, आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का तेजी से बढ़ता इस्तेमाल और पुराने घरों की जर्जर वायरिंग बड़े हादसों की वजह बन रही है। हाल के पालम अग्निकांड जैसी घटनाएं इस खतरे की गंभीरता को उजागर करती हैं, जिसमें एक ही परिवार के नौ लोगों की जान चली गई थी। विशेषज्ञों का कहना है कि घरों में अधिक लोड और खराब वायरिंग के कारण शॉर्ट सर्किट की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे आग लगने का खतरा भी काफी बढ़ जाता है। ऐसे में समय-समय पर घरों की इलेक्ट्रिकल जांच कराना बेहद जरूरी है। विशेषज्ञों के मुताबिक, पुराने मकानों में वायरिंग बदलवाना और उच्च गुणवत्ता वाले इलेक्ट्रिकल उपकरणों का इस्तेमाल करना जरूरी है। लापरवाही बरतने पर गर्मियों में आग लगने की घटनाएं बढ़ सकती हैं और लोगों की जान भी जोखिम में पड़ सकती है। गर्मियों में एयर कंडीशनर, कूलर, पंखे और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का अधिक इस्तेमाल होने से वायरिंग पर लोड बढ़ जाता है और शॉर्ट सर्किट का खतरा बढ़ जाता है। ज्यादा तापमान की वजह से गैस सिलिंडर, पेट्रोल, केमिकल या दूसरी ज्वलनशील चीजों का दबाव बढ़ जाता है, जिससे लीकेज या धमाके का खतरा बढ़ जाता है। गर्मी के मौसम में तापमान बहुत ज्यादा हो जाता है। इससे कागज, लकड़ी, प्लास्टिक और कपड़े जैसी चीजें जल्दी आग पकड़ लेती हैं। गर्मी में माहौल और चीजें बहुत सूखी हो जाती हैं। सूखी घास, कूड़े, लकड़ी या कपड़ों में एक छोटी सी चिंगारी भी बड़ी आग में बदल सकती है। गर्मी की तेज हवाएं छोटी आग को भी तेजी से फैलाकर बड़े हादसे में बदल सकती हैं।

**शॉर्ट सर्किट से बचना है तो इन बातों का रखें ध्यान :** नए मकान में वायरिंग कराते समय अच्छी गुणवत्ता की केबल, सही लोड कैलकुलेशन और ब्रांडेड स्विच-एमसीबी लगवाएं। हर कमरे के लिए अलग सर्किट, अर्थिंग और ओवरलोड प्रोटेक्शन सिस्टम लगवाएं। अच्छी क्वालिटी की वायरिंग 20-25 साल तक सुरक्षित मानी जाती है, लेकिन नमी, ओवरलोड और खराब इंस्टालेशन से इसकी उम्र कम हो सकती है। यदि मकान 15-20 साल पुराना है और बार-बार स्पार्किंग, फ्यूज उड़ना या स्विच गर्म होना जैसी समस्याएं आती हैं, तो पूरी वायरिंग की जांच कराएं। जरूरत पड़ने पर री-वायरिंग भी कराएं। एसी के लिए अलग लाइन और उचित क्षमता का एमसीबी होना चाहिए। पतली वायरिंग या मल्टी-प्लग से एसी चलाना खतरनाक हो सकता है। गीजर के साथ अर्थिंग और ईएलसीबी (अर्थ लीकेज सर्किट ब्रेकर) लगाना जरूरी है। गीजर ऑन होने पर नहाने से बचें और समय-समय पर इसकी जांच कराएं।इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अलग चार्जिंग प्वाइंट, सही वायरिंग और ओवरलोड प्रोटेक्शन जरूरी है। सामान्य सॉकेट से चार्जिंग करना जोखिम भरा हो सकता है।

**बिजली वितरण कंपनी डिस्काम की ओर से दी गई सलाहः** समय-समय पर अपने घर की आंतरिक वायरिंग चेक करवाएं क्योंकि खराब आंतरिक वायरिंग सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हो सकती है। यह शॉर्ट सर्किट व आग की घटनाओं का एक प्रमुख कारण है। घर में एक टेस्टर रखें, ताकि यह पता लग सके कि कहीं आपके घर में करंट तो लीक नहीं हो रहा है। बिजली के झटकों व दुर्घटनाओं से बचने के लिए ईएलसीबी यानी अर्थ लीकेज सर्किट ब्रेकर लगवाएं। अपने बिजली के सिस्टम को ओवरलोड न करें। आपका जितना स्वीकृत यानी सैंक्शंड बिजली लोड है, उसी के हिसाब से बिजली उपकरणों का इस्तेमाल करें। बिजली बिल पर एमडीआई यानी मैक्सिमम डिमांड इंडिकेटर लगा होता है। यह बताता है कि आप कितनी बिजली की खपत कर रहे हैं। बिजली बिल पर आपका सैंक्शंड लोड भी लिखा होता है। बिजली मीटर को अपने घर व परिसर के बाहर शिफ्ट करवाएं। यह आपकी सुरक्षा के लिए आवश्यक है। अपने बिजली मीटर के आसपास कोई भी इलेक्ट्रिकल या मैकेनिकल सामान न रखें। जिस जगह पर मीटर बॉक्स लगा है, वह साफ हो और वहां कूड़ा-कचरा तथा कोई भी ज्वलनशील पदार्थ न रखा हो। मीटर बॉक्स तक पहुंच आसान होनी चाहिए। मीटर या किसी भी बिजली उपकरण के पास अपने वाहन पार्क न करें क्योंकि इससे वह क्षेत्र असुरक्षित हो सकता है और आग लगने की स्थिति में वाहन का ईंधन खतरा बढ़ा सकता है।

## भूखंड बेचने के नाम पर युवक से 91 लाख रुपये की ठगी

### ग्रेटर नोएडा में मां-बेटे के खिलाफ केस दर्ज

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** कोर्ट के आदेश पर बीटा दो कोतवाली पुलिस ने भूखंड बेचने के नाम पर युवक से धोखाधड़ी कर 91 लाख रुपये ठगने वाले आरोपी मां-बेटे के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़ित का आरोप है कि रुपये लेने के बाद आरोपियों ने बैनामा नहीं किया, धनराशि वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। गाजियाबाद के ग्राम हरौला निवासी संजीव की भूखंड की खरीदारी के संबंध में वर्ष 2015 में बीटा दो स्थित दानबीर के कार्यालय पर थानसिंह और उनकी मां रामकली से मुलाकात हुई थी। मां-बेटे ने बताया कि ग्राम अटौर में सड़क के किनारे की जमीन बेचना चाहते हैं। कार्यालय में ही 2.61 लाख रुपये में भूखंड का सौदा तय हुआ। अलग-अलग तारीखों में विभिन्न माध्यमों से पीड़ित ने आरोपियों को 91 लाख रुपये भुगतान कर दिए। इसके बाद भूखंड के इकरारनामा का निस्तारण कराने की बात कही। इसके बाद आरोपी लगातार टाल मटोल करते रहे। पीड़ित ने बीच में पंचायत के माध्यम से समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया। बैनामा नहीं होने पर परेशान होकर पीड़ित ने जून 2025 में रुपए वापस मांगे तो आरोपितों ने जानमाल की धमकी दी। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने थान सिंह और उनकी मां रामकली के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी देने का मामला दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।




## गुरुग्राम में पति ने नर्स को दिया जहर का इंजेक्शन

### 4 महीने पहले हुई थी लव मैरिज



**गुरुग्राम, एजेंसी।** चार महीने पहले प्रेम विवाह करने वाली एक महिला की बुधवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायकेवालों ने पति पर दहेज के कारण प्रताड़ित करने और जहरीला इंजेक्शन लगाकर हत्या करने का आरोप लगाया। शिकायत के आधार पर सेक्टर 93 चौकी पुलिस ने आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

आरोपित फिलहाल फरार है। उसकी तलाश की जा रही है। मृत महिला की पहचान गुरुग्राम के साढ़राणा गांव की रहने वाली 23 वर्षीय काजल के रूप में की गई। बताया जाता है कि चार महीने पहले काजल गुरुग्राम के निजी अस्पताल में नर्स के रूप में काम करती थीं।

उसी अस्पताल में गाजियाबाद का युवक अरुण शर्मा एक्सरे करता था। दोनों में प्रेम संबंध हो गए। नवंबर 2025 में परिवारवालों की रजामंदी के बाद शादी हो गई। होली तक दोनों बसई गांव में किराये से रहते थे। इसके बाद काजल पति के साथ मायके में रहने चली गई । काजल के भाई गुरदीप ने अरुण पर बार-बार पैसे मांगने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। यह भी कहा कि अरुण नशा करने का आदी था। उसने कुछ समय पहले नौकरी भी छोड़ दी थी। बुधवार सुबह अरुण और काजल में झगड़ा हुआ। शाम को अचानक काजल की तबीयत बिगड़ गई।

नाक से खून आ रहा था। परिवार के लोग काजल को निजी अस्पताल ले गए। वहां से उन्हें नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में काजल को मृत अवस्था में छोड़कर अरुण वहां से फरार हो गया। गुरदीप ने बताया कि काजल के कमरे के बाथरूम से इंजेक्शन और सिरिंज बरामद किया गया। अरुण पर जहरीला इंजेक्शन देकर हत्या करने आरोप लगाया गया। सेक्टर 93 चौकी पुलिस को मामले में शिकायत दी गई। चौकी पुलिस ने बताया कि फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया गया है। अभी मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी वजह साफ हो सकेगी। आरोपित के खिलाफ हत्या की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। उसकी तलाश की जा रही है।

## गुरुग्राम के वीआइपी सेक्टर-56 में बदहाल सुविधाएं

### सीवर ओवरफ्लो से लोग परेशान



**नया गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम के सबसे महंगे और वीआइपी माने जाने वाले सेक्टरों में शामिल सेक्टर-56 के निवासी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। इलाके में सीवर ओवरफ्लो, टूटी सड़कों, खराब सफाई व्यवस्था और पेयजल आपूर्ति की समस्या ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। कई स्थानों पर सीवर का पानी सड़कों पर भरा रहता है, जिससे बदबू फैल रही है और लोगों का घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया है। सेक्टर-56 में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के प्लाट के साथ-साथ कई बड़ी और आलीशान सोसायटियां भी स्थित हैं, लेकिन सुविधाओं के नाम पर स्थिति बदहाल है। सीवर लाइन की नियमित सफाई नहीं होने के कारण कई जगह सीवर ओवरफ्लो हो रहा है और गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। निवासियों का कहना है कि कई वर्षों से नगर निगम को शिकायतें दी जा रही हैं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। सड़कों की हालत भी बेहद खराब है। सेक्टर की कई सड़कें जर्जर हो चुकी हैं, जिससे धूल उड़ती रहती है और प्रदूषण बढ़ता है। कई जगह पानी की पाइपलाइन भी टूटी हुई है, जिससे पेयजल सड़कों पर बहता रहता है। नियमित सफाई नहीं होने से भी सेक्टर की स्थिति और खराब होती जा रही है। सीवर लाइन की सफाई के लिए कई बार कनिष्ठ अभियंता से लेकर कार्यकारी अभियंता तक शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। जर्जर सड़कों से उड़ने वाली धूल भी प्रदूषण बढ़ा रही है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। सेक्टर में कई जगह सड़कों पर सीवर का पानी भरा रहता है। इससे बदबू फैलती है और बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। लोगों के लिए सड़कों पर चलना भी मुश्किल हो गया है। पूरे सेक्टर की सीवर लाइन की डी-सिल्टिंग कराना ही समस्या का स्थायी समाधान है। कई वर्ष से सीवर लाइन की सफाई नहीं हुई है। जब तक पूरी लाइन की डी-सिल्टिंग नहीं होगी, तब तक समस्या खत्म नहीं होगी। विशेष तौर पर सेक्टर की मार्केट वाली मुख्य सड़क अत्यंत दयनीय स्थिति में हैं। इस सड़क का एक माह पहले नारियल फोड़ा था लेकिन सड़क का निर्माण आज तक शुरू नहीं हुआ।

## 5 करोड़ की रंगदारी मामले में गैंगस्टर रवि काना की अग्रिम जमानत याचिका पर होगी सुनवाई



**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** नोएडा की सेक्टर-39 कोतवाली में दर्ज जान से मारने की धमकी देने और पांच करोड़ रंगदारी मांगने के मामले में गैंगस्टर रवि काना की ओर से अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है। इस मामले और सेक्टर-63 कोतवाली में दर्ज एक अन्य प्रकरण में जिला अदालत में 25 मार्च को सुनवाई होगी। रवि काना के अधिवक्ता ललित मोहन गुप्ता के मुताबिक, सेक्टर-62 निवासी वादी ने सेक्टर-39 में दर्ज कराए मामले में बताया था कि 21 फरवरी की रात एक शादी में शामिल होकर कार से घर लौटते समय रास्ते में बाइक सवार युवकों ने उन्हें मदद मांगने के बहाने रोका था। कार से उतरने पर आरोपियों ने खुद को रवि काना गिरोह का सदस्य बताते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए पांच करोड़ की रंगदारी मांगी थी। मांग पूरी नहीं होने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने घटना का विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया था। पुलिस विवेचना में सामने आया कि रवि काना गिरोह पहले भी धमकी देकर वसूली कर चुका है। इसके अलावा सेक्टर-63 कोतवाली में दर्ज रंगदारी के एक अन्य मामले में भी रवि काना की अग्रिम जमानत को लेकर सुनवाई होनी है।

## होर्मुज पर 48 घंटे का अल्टीमेटमः ट्रंप की ईरान को नई धमकी, नहीं माना तो पावर प्लांट तबाह करने की दी चेतावनी



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ता नजर आ रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि उसने 48 घंटे के भीतर होर्मुज जलडमरूमध्य को बिना किसी शर्त के पूरी तरह नहीं खोला, तो अमेरिका उसके प्रमुख पावर प्लांट्स पर हमला करेगा। ट्रंप ने अपने बयान में स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि ईरान ने समयसीमा के भीतर कदम नहीं उठाया, तो अमेरिका उसकी ऊर्जा संरचनाओं को निशाना बनाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कार्रवाई सबसे बड़े पावर प्लांट से शुरू होगी और - अन्य ठिकानों तक बढ़ेगी। यह बयान ऐसे समय में आया है जब ईरान और अमेरिका के बीच पहले से ही तनावपूर्ण संबंध बने हुए हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है। वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। अगर यहां किसी तरह की रुकावट आती है, तो इसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और तेल कीमतों पर पड़ सकता है। एक दिन पहले ही अमेरिका ने ईरानी तेल की खरीद पर लगी पाबंदी को हटाने का फैसला लिया था। इसे पश्चिम एशिया में छिड़े संघर्ष के बीच अमेरिका का बड़ा यू-टर्न माना जा रहा है। गौरतलब है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरानी हमलों के डर की वजह से बड़ी संख्या में तेल और अन्य ऊर्जा संसाधनों को ले जा रहे जहाज फंसे हुए हैं।

यूएई समेत 22 देशों ने की होर्मुज में ईरानी हमलों की निंदा संयुक्त अरब अमीरात के नेतृत्व में 22 देशों ने होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों पर हालिया हमलों को लेकर संयुक्त बयान जारी करते हुए ईरान की कड़ी आलोचना की है।

## मस्क ने ट्विटर के दाम गिरा जानबूझकर निवेशकों को दिया धोखा, अदालत की ज्यूरी ने माना दोषी; कुछ आरोपों में बरी

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी।** अमेरिका में एक ज्यूरी ने एलन मस्क को ट्विटर (अब एक्स) के शेयर के दाम जानबूझकर गिराकर निवेशकों को धोखा देने का दोषी पाया है। यह धोखाधड़ी 2022 में 44 अरब डॉलर में ट्विटर कंपनी के अधिग्रहण से पहले के उथल-पुथल भरे महीनों में की गई।

हालांकि, ज्यूरी ने उन्हें कुछ धोखाधड़ी के आरोपों से बरी कर दिया। सैन फ्रांसिस्को में चला यह दीवानी केस मस्क द्वारा ट्विटर का नियंत्रण लेने से ठीक पहले दायर सामूहिक मुकदमे पर केंद्रित था। ज्यूरी को यह तय करना था कि क्या मई 2022 में मस्क द्वारा किए गए दो ट्वीट और एक पॉडकास्ट पर आई टिप्पणियां ट्विटर के शेयरधारकों को जानबूझकर धोखा देने के बराबर थीं, जिन्होंने मस्क के बयानों के आधार पर अपने शेयर बेच दिए थे। 100 सदस्यीय ज्यूरी ने चार दिनों के विचार-विमर्श के बाद फैसला सुनाया, जो 2 मार्च को शुरू हुए मुकदमे के करीब तीन सप्ताह बाद आया है। ज्यूरी ने कहा, मस्क दो ट्वीट निवेशकों को गुमराह करने के लिए उत्तरदायी थे। ज्यूरी ने यह भी माना कि अरबपति कारोबारी की मंशा ट्विटर के दाम घटाने की थी।

प्रति शेयर हर दिन तीन से आठ डॉलर का हर्जाना

## कोलकाता : आरजी कर मेडिकल कॉलेज में लिफ्ट में फंसने से व्यक्ति की मौत, परिजनों का हंगामा




**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में शुक्रवार तड़के ट्रामा केयर सेंटर की लिफ्ट में फंसने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना के बाद अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और प्रबंधन की लापरवाही को लेकर तनाव व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे की है। मृतक अस्पताल में भर्ती मरीज का परिजन बताया जा रहा है, जो पांचवीं मंजिल पर जाने के लिए लिफ्ट में सवार हुआ था। अचानक तकनीकी खराबी के कारण लिफ्ट बीच में ही अटक गई। आरोप है कि उस समय लिफ्ट का संचालन करने के लिए कोई ऑपरेटर वहां मौजूद नहीं था, जिसके कारण समय रहते उसे बाहर नहीं निकाला जा सका और लिफ्ट के भीतर ही उसने दम तोड़ दिया। सुबह घटना की खबर फैलते ही मृतक के परिजनों और अन्य मरीजों के रिश्तेदारों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ आक्रोशित भीड़ ने अस्पताल परिसर में जमकर विरोध प्रदर्शन किया और सुरक्षा पर सवाल उठाए। स्थिति बिगड़ती देख टाला थाना पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। अस्पताल सूत्रों का कहना है कि लिफ्ट में ऑपरेटर की अनुपस्थिति और तकनीकी खराबी के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# मीडिया रिपोर्ट पर भड़के ट्रंपः ईरान युद्ध पर बोले- समय से पहले हासिल किए लक्ष्य, दावों को पूरी तरह बताया गलत



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी जंग के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने इस युद्ध को लेकर किए जा रहे दावों पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि ईरान पूरी तरह कमजोर हो चुका है। ट्रंप के मुताबिक ईरान की सैन्य ताकत खत्म हो गई है, जबकि रिपोर्ट्स इसके उलट तस्वीर दिखा रही हैं। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-ब-दिन और भयावह होता जा रहा है।

अमेरिका और इस्राइल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी इस्राइल और खाड़ी देशों में मैजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब अपने 23वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव चरम पर है। इसी उग्र हालात के बीच एक बार फिर ट्रंप का बड़ा बयान सामने आया है। इस बार ट्रंप ने रविवार को एक राजनीतिक विश्लेषक पर कड़ी नाराज़गी जताई। इस पूरे विवाद को ऐसे समझा जा सकता है कि बीते दिनों एक राजनीतिक विश्लेषक डेविड सैंगर और मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि ट्रंप ईरान के मामले में अपने लक्ष्य हासिल नहीं कर पाए हैं। इस पर ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर पोस्ट में कहा कि अमेरिका ने ईरान को पूरी तरह कमजोर कर दिया है।

**ईरान की लीडरशिप खत्म- ट्रंपः** ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की लीडरशिप खत्म हो चुकी है, उसकी नौसेना और वायुसेना लगभग नष्ट हो चुकी है और अब उसके पास कोई मजबूत रक्षा व्यवस्था नहीं बची है। अपने पोस्ट में ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ईरान अब बातचीत करना चाहता है, लेकिन वह खुद कोई समझौता करने के इच्छुक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपने लक्ष्यों को तय समय से पहले ही हासिल कर रहा है।

**क्या कहती है मीडिया रिपोर्ट? ये समझिएः** हालांकि इसके उलट, द न्यू यौर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप भले ही प्रगति का दावा कर रहे हों, लेकिन उनके लक्ष्य समय-समय पर बदलते रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, शुरुआत में अमेरिका का मकसद तेहरान में सत्ता परिवर्तन लाना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह खत्म करना था।

इतना ही नहीं रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि अमेरिका में पेट्रोल की कीमत करीब 4 डॉलर प्रति गैलन पहुंच गई है और अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) ने अपने हथियारों को फिर से भरने के लिए 200 अरब डॉलर की मांग की है। हालांकि, हाल के बयानों में ट्रंप पहले के बड़े लक्ष्यों से थोड़ा पीछे हटते नजर आए। अब उनका फोकस ईरान की सैन्य ताकत को कमजोर करने और पश्चिम एशिया में अपने सहयोगी देशों, जैसे इस्राइल, यूएई और कतर की रक्षा करने पर ज्यादा है। ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका अपने उद्देश्यों को हासिल करने के बहुत करीब है।

साथ ही उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने की जिम्मेदारी अन्य देशों पर छोड़ने की बात कही, हालांकि जरूरत पड़ने पर अमेरिका मदद करेगा।

**जल्द समाप्त होगा ईरान पर अमेरिकी कार्रवाई- ट्रंपः** इसके साथ ही एक बार फिर उन्होंने दावा किया कि ईरान समझौता करना चाहता है, लेकिन ईरानी अधिकारियों ने 28 फरवरी के हमलों के बाद बातचीत से इनकार किया है। इसके अलावा, ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका जल्द ही ईरान में अपनी सैन्य कार्रवाई को समाप्त कर सकता है। उन्होंने अपने पांच मुख्य लक्ष्यों का जिक्र किया, जिनमें ईरान की सैन्य ताकत को खत्म करना, उसे परमाणु हथियार बनाने से रोकना और पश्चिम एशिया में अपने सहयोगियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है।

## गाजियाबाद में नगर निगम ने संभाली हरनंदी नदी की कमान, मशीनों से हो रही जलकुंभी की सफाई

**साहिबाबाद (गाजियाबाद), एजेंसी।** नगर निगम द्वारा हरनंदी नदी में जलकुंभी हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सिटी फारेस्ट से लेकर इंदिरापुरम एनएच नौ तक करीब नौ किलोमीटर तक हरनंदी नदी में जलकुंभी हटाई जाएगी। नगर निगम जलकल विभाग द्वारा हरनंदी नदी को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए खरपतवार को हटाया जा रहा है। सफाई डीविडर मशीन से सफाई की जा रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि हरनंदी नदी की सफाई का अभियान पहली बार गाजियाबाद नगर निगम द्वारा चलाए जा रहा है, जिसमें जलकुंभी हटाने का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। नदी के किनारे भी सफाई अभियान चलाते हुए कार्य किया जा रहा है। करीब नौ किलोमीटर निगम सीमा में आने वाली हरनंदी नदी के क्षेत्र को पूर्ण रूप से जलकुंभी मुक्त किया जाएगा। जलकुंभी हटाकर हरनंदी नदी कि आक्सीजन को भी बचाने का प्रयास किया जा रहा है। नगर निगम की पहल में कई सामाजिक संस्थाएं भी जुड़कर हरनंदी नदी की स्वच्छता में सहयोग कर रही हैं। प्रथम चरण में तीन माह लगातार अभियान चलेगा।



# डॉ. मोहन यादव अचानक सीधी पहुंचे: प्रदर्शन से पहले नेताओं, पीड़ितों से मिले; शिवसेना नेता नजरबंद

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अचानक सीधी पहुंचने से जिले में हलचल मच गई वे बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के सर्किट हाउस पहुंचे जिससे प्रशासनिक अमले और स्थानीय राजनीति में सरगर्मी बढ़ गई। सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री ने मंडल अध्यक्षों सहित क्षेत्र के कई नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने आगामी दिनों में सीधी में प्रस्तावित प्रदर्शन के संबंध में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की बैठक में स्थिति को संभालने और संवाद के माध्यम से समाधान खोजने पर जोर दिया गया मुख्यमंत्री से मिलने के लिए डीजे प्लाजा प्रकरण से जुड़े पीड़ित भी पहुंचे पीड़ितों ने आवेदन सौंपकर अपनी समस्याएं बताईं जिस पर मुख्यमंत्री ने कार्रवाई का आश्वासन दिया पीड़ित बादल चौरसिया ने बताया कि वे कई महीनों से परेशान हैं उनका घर गिरा दिया गया है और उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है उन्होंने न्याय की उम्मीद में मुख्यमंत्री से मुलाकात की मुख्यमंत्री ने 24 मार्च को प्रस्तावित प्रदर्शन के नेतृत्वकर्ताओं से भी चर्चा की यह प्रदर्शन जिला पंचायत सीईओ शैलेंद्र सिंह सोलंकी के खिलाफ आयोजित किया जाना था जिसमें विभिन्न जनपद पंचायत क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि शामिल होने वाले थे आंदोलन के प्रमुख नेताओं में नारायण तिवारी, रजनी तिवारी और अंबुज पांडे शामिल थे इस बीच, प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाते हुए शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडे को कॉफी हाउस में नजरबंद कर दिया उनके साथ शिवसेना जिला अध्यक्ष नाम सिंह बघेल और अन्य कार्यकर्ता भी पुलिस निगरानी में रहे यह कार्रवाई संभावित विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई।





## जनभागीदारी से काड़ी तालाब में सफाई कार्य का हुआ शुभारंभ



**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** जल संरक्षण और संवर्धन को लेकर जिले में चलाए जा रहे 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत ग्राम पंचायत गढ़वा में स्थित काड़ी तालाब की सफाई का कार्य जनभागीदारी से प्रारंभ किया गया इस अभियान के अंतर्गत पुराने जल स्रोतों के संरक्षण, साफ-सफाई और पुनर्जीवन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है काड़ी तालाब में शुरू हुए सफाई कार्य में स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए श्रमदान किया लोगों ने तालाब की गाद निकालने किनारों की सफाई करने और जल स्रोत को पुनर्जीवित करने में सक्रिय सहयोग दिया ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह के प्रयासों से जल स्तर में सुधार होगा और आने वाले समय में पानी की समस्या से राहत मिलेगी। प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना और जनसहभागिता के माध्यम से स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है तालाबों और अन्य जल स्रोतों की सफाई से न केवल पर्यावरण संतुलन बना रहेगा,बल्कि कृषि कार्यों में भी सहूलियत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर जल संरक्षण की दिशा में आगे भी ऐसे कार्य जारी रखने का संकल्प लिया।

## जींस पहनकर ड्यूटी पर पहुंचा हेड कांस्टेबल आईजी ने अनुशासनहीनता मानकर लाइन अटैच किया

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** जोन की पुलिस महानिरीक्षक एन. चैत्रा ने अनुशासनहीनता और कर्तव्य में लापरवाही बरतने पर तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया इस कार्रवाई में एक प्रधान आरक्षक द्वारा वर्दी के स्थान पर जींस पहनकर आईजी के सामने उपस्थित होना निलंबन का मुख्य कारण बना पुलिस विभाग ने इसे सेवा मर्यादा का गंभीर उल्लंघन माना है।



**जींस पहनकर आईजी के सामने पहुंचे:** रीडर शाखा में पदस्थ प्रधान आरक्षक प्रवीण कुमार तिवारी (जिला उमरिया) जब विभागीय जानकारी के संबंध में आईजी के समक्ष पेश हुए तो वे निर्धारित ड्रेस कोड के बजाय जींस पहनकर ड्यूटी पर थे। उच्च अधिकारी के सामने इस तरह की उपस्थिति को पुलिस अनुशासन के विरुद्ध मानते हुए आईजी ने नाराजगी जाहिर की। इसके साथ ही सहायक उप निरीक्षक परवेज खान और आरक्षक गौरव सिंह (जिला अनूपपुर) को भी लापरवाही के चलते निलंबित किया गया है। बता दें कि, पुलिस मुख्यालय भोपाल की ओर से अप्रैल 2025 में उप पुलिस अधीक्षकों के माध्यम से थानों के भ्रमण की जानकारी मांगी गई थी। शहडोल, उमरिया और अनूपपुर जिलों से यह जानकारी लंबे समय से लंबित थी आईजी कार्यालय द्वारा बार-बार निर्देश देने के बावजूद संबंधित शाखा के कर्मचारियों ने जानकारी प्रस्तुत करने में लापरवाही बरती और वरिष्ठ कार्यालय के आदेशों की अनदेखी की निलंबित तीनों पुलिसकर्मियों को उनके संबंधित जिलों के रक्षित केंद्र (लाइन) अटैच किया है। आईजी एन. चैत्रा ने एसडीओपी धनपुरी विकास पाण्डेय को इस पूरे प्रकरण की प्राथमिक जांच सौंपी है जांच अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे 10 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करे जिसके आधार पर आगे की दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## कार्यपालन यंत्री पीएचई ने विभिन्न नल-जल योजनाओं का किया निरीक्षण

**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** हर घर को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित नल-जल योजनाओं की प्रगति का जायजा लेने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के कार्यपालन यंत्री संजय पाण्डेय ने विभिन्न ग्रामों का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने योजनाओं के संचालन, जल आपूर्ति व्यवस्था और रखरखाव की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया निरीक्षण के दौरान पाण्डेय ने ग्राम ढनगन, मटियरा, मझिगवां, ऊंची, राजगामा एवं दिघवार-391 में संचालित ग्रामीण नल-जल योजनाओं का दौरा किया उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए ताकि ग्रामीणों को निर्बाध रूप से स्वच्छ जल उपलब्ध हो सके। कार्यपालन यंत्री ने ग्रामीणों से भी संवाद स्थापित किया और उनसे योजनाओं के संचालन में सहयोग की अपेक्षा जताई। उन्होंने कहा कि जल एक अमूल्य संसाधन है इसलिए इसका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है उन्होंने लोगों से अपील की कि पानी का अनावश्यक उपयोग न करें और किसी भी प्रकार की खराबी या समस्या होने पर तुरंत संबंधित विभाग को सूचित करें निरीक्षण के दौरान जल गुणवत्ता, पाइपलाइन व्यवस्था और टंकियों की स्थिति का भी परीक्षण किया गया अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि सभी योजनाएं सुचारु रूप से संचालित हों और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

## उपयंत्री पर 7' कमीशन मांगने का आरोप सीधी में पंचायत के काम ठप; सरपंच-पंच ने मोर्चा खोला




**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले की जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़खुरी में भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं यहां उपयंत्री शैलेंद्र साहू पर शासकीय कार्यों के भुगतान के एवज में 7% कमीशन मांगने का आरोप लगा है इस मामले में पंचायत के सरपंच रिंकी रावत और पंच प्रदीप अग्निहोत्री ने विरोध जताते हुए उच्च अधिकारियों से शिकायत की है जिसके कारण पंचायत के कई काम रुके हुए हैं। सरपंच रिंकी रावत ने रविवार को जनपद पंचायत सीईओ राजीव तिवारी से औपचारिक शिकायत दर्ज कराई उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत में दो से तीन साल पहले कराए गए निर्माण कार्यों का भुगतान अब तक नहीं किया गया है उनके अनुसार कार्य पूर्ण हो चुके हैं फिर भी भुगतान के लिए कमीशन की मांग की जा रही है। पंच प्रदीप अग्निहोत्री ने भी उपयंत्री पर गंभीर आरोप लगाए हैं उन्होंने दावा किया कि उनके पास उपयंत्री द्वारा पैसे मांगने की ऑडियो रिकॉर्डिंग मौजूद है पंच ने बताया कि जब उन्होंने कमीशन देने से इनकार किया तो उनके कार्यों को जानबूझकर लंबित कर दिया गया पंचायत में सड़क, नाली और अन्य निर्माण कार्य अधूरे पड़े हैं। प्रदीप अग्निहोत्री के अनुसार उन्होंने लगभग 10.50 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड का निर्माण कराया था उपयंत्री ने इसका मूल्यांकन 12 लाख रुपए बताया और इसमें से 1 लाख रुपए कमीशन के तौर पर मांगे पैसे न देने पर न तो मूल्यांकन किया गया और न ही भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। इस मामले पर जनपद पंचायत सीईओ राजीव तिवारी ने बताया कि यह शिकायत लगभग चार महीने पुरानी है उन्होंने कहा कि जांच के लिए एक टीम भेजी गई थी लेकिन रिपोर्ट अभी तक प्राप्त नहीं हुई है सीईओ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## मुख्यमंत्री अल्प प्रवास पर पहुंचे रीवा, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया आत्मीय स्वागत



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अल्प प्रवास पर रीवा पहुंचे, जहां उनका जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री भोपाल से वायुयान द्वारा रीवा एयरपोर्ट पहुंचे उनके साथ उनकी धर्मपत्नी भी उपस्थित रहीं रीवा एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री के आगमन पर स्वागत का विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. अजय सिंह, आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी हेमंत चौहान, कलेक्टर प्रतिभा पाल तथा पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। एयरपोर्ट परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और अधिकारियों द्वारा सभी व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही थी अल्प प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रीवा एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर द्वारा उत्तरप्रदेश के मिर्जापुर जिले स्थित परमहंस आश्रम शक्तेशगढ़ के लिए रवाना हुए। उनके इस दौरे को लेकर प्रशासनिक स्तर पर पूर्व से ही तैयारियां सुनिश्चित की गई थीं।

## भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की बैठकें मनगवां कोठार एवं मढ़ी में सम्पन्न, किसानों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा

### जिले के विभिन्न तहसीलों में संगठन विस्तार, विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियाँ

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** दिनांक 21 मार्च 2026 को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की दो महत्वपूर्ण बैठकें जिले के ग्राम मनगवां कोठार और ग्राम मढ़ी में आयोजित की गईं इन बैठकों में किसानों की प्रमुख समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और संगठन को और मजबूत करने के लिए नए निर्णय लिए गए। पहली बैठक ग्राम मनगवां कोठार, तहसील मनगवां, जिला रीवा में दोपहर 12:00 बजे सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता दिनेश कुमार पटेल द्वारा की गई, जिसमें प्रदेश महासचिव उमेश कुमार पटेल और जिला अध्यक्ष सुग्रीव सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में किसानों की प्रमुख समस्याओं पर गहन चर्चा की गई इन समस्याओं में मुख्य रूप से बिजली व्यवस्था, आवारा पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान, सिंचाई की समस्याएँ और अन्य कई मुद्दों पर किसानों ने अपनी परेशानियाँ साझा की इस बैठक में संगठन को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। प्रदेश महासचिव उमेश कुमार पटेल की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष सुग्रीव सिंह ने दिनेश कुमार पटेल को तहसील मनगवां का अध्यक्ष नियुक्त किया। साथ ही, विजय बहादुर पटेल को तहसील मनगवां का संगठन मंत्री और संतोष कुमार पटेल को मनगवां ग्राम इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया बैठक में किसान नेताओं और कार्यकर्ताओं की सक्रिय उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से दिनेश कुमार पटेल, विजय बहादुर पटेल, अशोक कुमार पटेल, गौरव पटेल, रज्जन पटेल, हीरामणि पटेल, राम सुमिरन पटेल, शशि कुमार सिंह, संतोष कुमार पटेल सहित अन्य किसान उपस्थित थे इन बैठकें में उपस्थित सभी किसानों ने अपनी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु संबंधित विभागों से मांग की और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। दूसरी बैठक ग्राम मढ़ी, तहसील रायपुर कर्चुलियान, जिला रीवा में आयोजित की गई। इस बैठक में किसानों ने मुख्य रूप से नहर निर्माण का मुद्दा उठाया, जो अब तक अधूरा पड़ा हुआ है।



## शादी का वादा कर मुकरा प्रेमी,इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर युवती से कई बार बनाए संबंध

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** नवानगर में शादी का झांसा देकर एक युवती के साथ रेप करने का मामला सामने आया है। रविवार को पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है जिसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले की रहने वाली युवती ने अपने परिवार के साथ थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई उसने बताया कि करीब दो साल पहले इंस्टाग्राम के जरिए उसकी दोस्ती माड़ा थाना क्षेत्र के रहने वाले 18 वर्षीय दिलीप कुमार पनिका से हुई थी। धीरे-धीरे बातचीत बढ़ी और आरोपी ने उसे शादी का झांसा देना शुरू कर दिया शादी का वादा कर बनाया शारीरिक संबंध आरोपी दिलीप 11 अगस्त 2025 को युवती को बहला-फुसलाकर बैढ़न ले आया। यहां माजन मोड़ के पास उसने शादी का पक्का वादा किया और युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए इसके बाद वह लगातार शादी की बात कहकर युवती का शोषण करता रहा। जब युवती ने शादी करने के लिए दबाव बनाया तो आरोपी अपनी बात से मुकर गया उसने अलग जाति का हवाला देते हुए शादी करने से साफ इनकार कर दिया इसके बाद हार मानकर पीड़िता ने पुलिस की शरण ली और शिकायत दर्ज कराई नवानगर पुलिस ने आरोपी दिलीप को पकड़ लिया पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। मेडिकल जांच के बाद पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट, रीवा के मजदूरों का आंदोलन 21 वें दिन भी जारी, 8 घंटे की ड्यूटी की मांग पर अड़े

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट, बेला, रीवा के 300 से अधिक मजदूर पिछले 21 दिनों से अपनी जायज़ मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं मजदूरों का मुख्य मुद्दा 8 घंटे की ड्यूटी शिफ्ट है वे प्लांट के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं और उनकी प्रमुख मांग है कि उन्हें 8 घंटे की ड्यूटी शिफ्ट पर काम करने दिया जाए इसके अलावा, वे चाहते हैं कि सभी श्रमिकों को उनके निर्धारित काम में वापस लिया जाए और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए मजदूरों का कहना है कि प्रबंधन उन्हें 24 से 36 घंटे तक लगातार काम करवा रहा है जो न केवल अमानवीय है, बल्कि यह श्रम कानूनों का भी उल्लंघन है इस दौरान मजदूरों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है साथ ही सुरक्षा के मुद्दे भी गंभीर हो रहे हैं मजदूरों का आरोप है कि इस प्लांट में पहले भी कई मजदूरों की मौत हो चुकी है लेकिन प्रबंधन ने उन घटनाओं को छिपाने की कोशिश की है। मजदूरों का आरोप है कि प्रबंधन इन समस्याओं को नजरअंदाज कर रहा है और उनकी मांगों को सुनने के लिए तैयार नहीं है। इन मुद्दों के समाधान के लिए श्रम विभाग ने हस्तक्षेप किया है, लेकिन प्रबंधन का रवैया अभी भी टालमटोल वाला ही है। मजदूरों का कहना है कि वे तब तक अपना आंदोलन जारी रखेंगे जब तक उनकी मांगों पर ठोस कदम नहीं उठाए जाते इस आंदोलन को स्थानीय समुदायों और विभिन्न श्रम संगठनों का भी समर्थन मिल रहा है श्रमिकों का कहना है कि उनकी मांगें पूरी तरह जायज़ हैं और उन्हें उचित न्याय मिलना चाहिए। इस आंदोलन को राष्ट्रीय और राज्य स्तर के कई श्रमिक नेता और सामाजिक कार्यकर्ताओं का भी समर्थन प्राप्त हो रहा है। मजदूरों ने मीडिया से अपील की है कि वे इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएं और मजदूरों की आवाज़ को जनता तक पहुंचाएं।



## समूचे विन्ध्य में रामजन्मोत्सव की हो रही तैय्यारियाँ, हिन्दू धर्म परिषद करेगा शोभायात्राओं का स्वागत

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** अयोध्या में राममंदिर के निर्माण के बाद समूचे देश में धार्मिक नवचेतना की लहर उठी है और इस साल रामजन्मोत्सव को लेकर विन्ध्य क्षेत्र में विशेष तैयारियाँ की जा रही हैं। हिन्दू धर्म परिषद ने रामनवमी के अवसर पर विभिन्न स्थानों से निकलने वाली श्रीराम शोभायात्राओं का स्वागत करने का निर्णय लिया है। हिन्दू धर्म परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी और अध्यक्ष रिषिशंकर मिश्रा के अनुसार, इस वर्ष हिन्दू समाज में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। संवत्सर नववर्ष के साथ ही चैत्र नवरात्रि में भी विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं ने मिलकर भव्य आयोजन किए, जिसमें सभी वर्गों के लोग बढ़-चढ़कर शामिल हुए। आगामी 27 मार्च को रामनवमी के अवसर पर होने वाले आयोजन में प्रमुख रूप से श्रीराम शोभायात्रा, श्रीराम महाआरती, भजन संध्या और मिष्ठान वितरण जैसी कई धार्मिक क्रियाएँ होंगी हिन्दू धर्म परिषद के संयोजक सुमित मॉजवानी और सहसंयोजक उमेश कुशवाहा ने बताया कि इस आयोजन में धार्मिक प्रमुखों जैसे डॉ. सी.बी. शुक्ला, डॉ. के.के. परौहा, डॉ. ज्योति सिंह आदि की उपस्थिति रहेगी साथ ही, परिषद द्वारा रिदम म्यूजिकल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. विनोद तिवारी के नेतृत्व में भक्ति भजन प्रस्तुत किए जाएंगे इस अवसर पर समाज के हर वर्ग का सहभागिता महत्वपूर्ण होगी जिससे सामूहिक धार्मिक एकता और भाईचारे का संदेश मिलेगा



# ईरान-इजरायल युद्ध का असर: महंगा हुआ प्रीमियम पेट्रोल-इंडस्ट्रियल डीजल, भारत में बढ़ा महंगाई का खतरा

संपादकीय

पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण तेल-गैस ठिकानों पर हमलों से वैश्विक बाजार में दबाव बढ़ गया है। क्रूड कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर हैं और रुपया कमजोर होने से भारत की आयात लागत बढ़ रही है। प्रीमियम पेट्रोल और इंडस्ट्रियल डीजल महंगे हुए हैं, जिससे उद्योगों की लागत बढ़ने और महंगाई बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

भारत के पेट्रोल मार्केट में इसके प्रीमियम वैरिएंट की हिस्सेदारी बहुत कम है, केवल 2 से 4% तक। लेकिन, इसका 2.35 रुपये तक महंगा होना बताता है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की वजह से तेल-गैस पर दबाव बढ़ता जा रहा है और कंपनियों के लिए शायद बहुत देर तक इसे संभालना मुमकिन न रहे। इंडस्ट्रियल डीजल के दाम में भी बढ़ोत्तरी हुई है।

रिफाइनरी पर हमले। मौजूदा संघर्ष में तेल-गैस ठिकानों को निशाना बनाए जाने के बाद से ग्लोबल मार्केट में अफरातफरी का माहौल है। कुवैत ने बताया कि शुक्रवार को भी ईरान ने उसकी मीना अल अहमदी रिफाइनरी पर हमला किया, जिसके बाद इसके कुछ हिस्सों को बंद करना पड़ा। सऊदी, और कतर - इन सभी की उत्पादन क्षमता प्रभावित हुई है, जिससे सप्लाई चेन पर दबाव बढ़ा है। गिरता रुपया। संकट से निपटने के लिए भारत अपने आयात में विविधता ला रहा है। लेकिन, क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमत परेशानी बनी हुई है। क्रूड अब भी 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर है, जबकि सऊदी अरब ने चेतावनी दी है कि अगर युद्ध जारी रहा तो दाम 180 डॉलर के पार भी जा सकता है। डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट से भारत के लिए परेशानी और बढ़ गई है। उसे तेल की खरीद के लिए ज्यादा विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ रही है। शुक्रवार को रुपया टूटकर 93.71 पर पहुंच गया।

महंगाई का डर। भारत में तेल की कीमतें बाजार स्थितियों के हिसाब से कंपनियां तय करती हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि स्टैंडर्ड पेट्रोल के दाम नहीं बढ़े हैं, लेकिन आखिरकार प्रीमियम पेट्रोल और इंडस्ट्रियल डीजल का बोझ उपभोक्ताओं पर ही पड़ेगा। इंडस्ट्रियल डीजल के दाम में करीब 21 रुपये की बढ़ोत्तरी हुई है। इसका इस्तेमाल भारी उद्योगों और हेवी मशीनरी में किया जाता है। इसका दाम बढ़ने से उत्पादन लागत बढ़ सकती है, उद्योगों का मुनाफा घटेगा और कई सामान महंगे हो सकते हैं। कमर्शल [illegible] संकट की वजह से पहले ही काफी असर पड़ रहा है। वास्तविक समाधान। जापान, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी समेत 6 देशों ने होर्मुज स्ट्रेट को आवाजाही के लिए सुरक्षित बनाने में सहयोग करने की बात कही है। यह बढ़ते ऊर्जा संकट का नतीजा है कि इन देशों को मजबूरी में इस मामले में उतरना पड़ रहा है।

## ईरान, अमेरिका- इजरायल युद्ध में भारत को 15 से 20 लाख करोड़ का फटका ?

**सनत जैन**

युद्ध अमेरिका इजरायल और ईरान के बीच में चल रहा है। लेकिन इसका बड़ा असर भारत पर पडना शुरू हो गया है। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार भारत को 15 से 20 लाख करोड रुपए का फटका लगना तय है। भारत सरकार अपनी अर्थव्यवस्था को कैसे संभालेगी, इसको लेकर राजनीतिक और आर्थिक स्तर पर चिंता बढ़ रही है। सारी दुनिया में कच्चे तेल के दाम बड़ी तेजी के साथ बढ़ाना शुरू हो गए हैं। युद्ध शुरू होने के पहले 65 डॉलर प्रति बैरल कच्चे तेल के दाम थे, जो अब बढ़कर 100 से 120 डॉलर प्रति बैरल हो गए हैं। इसी तरह डॉलर के मुकाबले जो रुपया 91 और 92 के बीच में झूल रहा था, वह 93 पार कर गया है। जल्द ही 100 के स्तर छूने की बात हो रही है। भारत लगभग 85 फ़ीसदी तेल और गैस आयात करता है। कच्चा तेल और गैस महंगी होने का असर डालर और परिवहन लागत के कारण भारत में अन्य देशों की तुलना में ज्यादा होगा। तेल की कीमत बढ़ने और डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत गिरने से लगभग 60000 करोड रुपए का अतिरिक्त फटका भारत को लगने जा रहा है। जब भी कच्चे तेल के दाम बढ़ते हैं, डॉलर के मुकाबले रुपया गिरता है। ऐसी स्थिति में इसका असर इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, दवाइयां, केमिकल और खाद के दाम बढ़ते हैं। सरकार को महंगी दर पर खाद का आयात करना पड़ता है। सब्सिडी और कीमतें बढ़ने के कारण देश में सभी चीजें महंगी होंगी। महंगाई बढ़ने के कारण 4 से 5 लाख करोड रुपए का सरकारी खर्च बढ़ना तय है। भारत में इस युद्ध का असर सबसे ज्यादा होने जा रहा है। भारत का निर्यात कारोबार डॉलर के रेट बढ़ने से प्रभावित होगा। भारत से दुनिया के अन्य देशों में चॉवल, मसाले, टेक्सटाइल, मांस, फल, सब्जियां और समुद्री उत्पाद का निर्यात घट सकता है। यदि निर्यात में 2 से 5 फ़ीसदी की कमी आती है। ऐसी स्थिति में कम से कम 90 हजार करोड़ और अधिकतम 2 लाख करोड रुपए का नुकसान भारतीय अर्थव्यवस्था में होने का अनुमान है। भारत में महंगाई बढ़ने के बाद आम लोगों की क्रय क्षमता कम होगी, ट्रांसपोर्ट महंगा होने के कारण हर वस्तु के दाम बढ़ेंगे, इसका असर जीडीपी में पड़ना तय है। आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है, जीडीपी में 0.5 से लेकर 2 फ़ीसदी तक की गिरावट आ सकती है। जो भारत के लिए बहुत बड़ा झटका साबित होगा। जीडीपी में गिरावट होने से एक लाख करोड़ से लेकर 4 लाख करोड रुपए का नुकसान होने की बात आर्थिक विशेषज्ञ करने लगे हैं। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है, जिस तरीके से डायरेक्ट और इनडायरेक्ट तरीके से ईरान, अमेरिका-इजरायल युद्ध का असर भारत पर पड़ रहा है। उसको देखते हुए भारत की अर्थव्यवस्था में 15 से 20 लाख करोड रुपए से अधिक का आर्थिक दबाव पडना तय है। इस युद्ध ने सारी दुनिया के देशों को हिला कर रख दिया है। यह युद्ध, तेल और ऊर्जा संकट के रूप में सारी दुनिया के देशों को प्रभावित कर रहा है। भारत को सबसे ज्यादा युद्ध इसलिए प्रभावित कर रहा है। भारत ने रूस और ईरान से तेल और प्राकृतिक गैस लेना कम कर दी थी। अमेरिका के दबाव में 2019 से ईरान को छोड़ दिया था। 2025 में रूस से भी तेल लेना कम कर दिया था। भारत अभी जो तेल और प्राकृतिक गैस आयात कर रहा है। उसमें 100 फ़ीसदी भुगतान भारत को डॉलर मुद्रा में करना पड़ रहा है। जब ईरान से तेल और प्राकृतिक गैस आयात होती थी। तब भारतीय रुपए में भुगतान होता था। ईरान बदले में खाने-पीने और अन्य जरूरी सामान भारत से रुपये में भुगतान करके खरीदता था। अब स्थिति पूरी तरह से बदली हुई है। अमेरिका और इजरायल की दबाव में भारत के ईरान से व्यापारिक संबंध नहीं रहे। भारत जो तेल और गैस आयात कर रहा है। उसमें दो से तीन महीने का समय लग रहा है। परिवहन और बीमा के रूप में 4 गुना ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ रहा है। पूंजी भी भारत को ज्यादा लगानी पड़ रही है। इन परिस्थितियों को देखते हुए आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है। भारत के ऊपर इस युद्ध का अप्रत्यक्ष रूप से बड़ा आर्थिक प्रभाव पड़ रहा है। भारत सरकार को इस चुनौती से निपटने के लिए बड़ी गंभीरता के साथ विचार करना होगा। सरकार को वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत, कम कीमत पर कच्चे तेल-गैस इत्यादि का आयात के खर्च पर नियंत्रण तथा आर्थिक स्थिति में समन्वय बनाने एक नई लड़ाई लड़ने की जरूरत पड़ेगी। महंगाई बढ़ने के बाद बेरोजगारी बढ़ेगी इससे आम जनता को परेशानी होगी। इसका असर कानून व्यवस्था की स्थिति में होना तय है।

**वर्ष 1937, पूर्वोत्तर तिब्बत का एक छोटा सा खेत। जौ, आलू और मुर्गियों के बीच नन्हा ल्हामो थोंडुप मुस्कुरा रहा था। गरीबी और कठिनाइयों के बीच भी उसका चेहरा जीवन और खुशी से दमक रहा था। यह वह क्षण था जब एक बच्चे की मासूम मुस्कान में छुपी थी भविष्य की करुणा, साहस और मानवता की अद्वितीय शक्ति। कुछ महीनों से एक खोज दल उस घर की निगरानी कर रहा था। दिव्य संकेतों और विभिन्न आध्यात्मिक प्रमाणों के आधार पर यह पाया गया कि यही बच्चा चौदहवें दलाई लामा होंगे। जब उन्हें पुराने दलाई लामा की वस्तुएँ दी गईं, तो उन्होंने सरल भाव से कहा, 'ये मेरे हैं, ये मेरे हैं।' उस छोटे-से बच्चे की सरलता और सच्चाई ने पहले ही संकेत दे दिए थे कि वह आने वाले वर्षों में न केवल तिब्बत के लिए, बल्कि पूरी मानवता के लिए करुणा और शांति का प्रतीक बनेंगे। नन्हे ल्हामो थोंडुप को करुणा के बोधिसत्व अवलोकितेश्वर (तिब्बती में चेनरेज़िग) का अवतार माना गया। बौद्ध मान्यता के अनुसार, वे अवलोकितेश्वर के मानवीय रूप हैं, जो मानवता की सेवा के लिए बार-बार पुनर्जन्म लेते हैं।**

# निर्वासन में भी आशा : दलाई लामा की यात्रा


**निमिषा सिंह**

खोज के महज चंद दिनों बाद ल्हामो थोंडुप को मठ भेज दिया गया। वहाँ के पर्वत, घाटियाँ, जंगली याक, गधे और हिरण उन्हें मंत्रमुग्ध कर गए। यह वही धरती थी, जिस पर वे आने वाले वर्षों में आध्यात्मिक और लौकिक नेतृत्व करेंगे। 1940 में उन्हे 13वें दलाई लामा के अवतार के रूप में मान्यता मिली। उनका औपचारिक राज्याभिषेक हुआ और उन्हे आध्यात्मिक नाम तेनज़िन ग्यात्सो मिला।उन्होंने करुणा, ज्ञान और प्रज्ञापारमिता पर आधारित गहन बौद्ध शिक्षा ग्रहण की।

नववयस्क होते ही, 15 वर्ष की उम्र में, नवंबर 1950 में, ल्हामो थोंडुप आधिकारिक रूप से छह मिलियन तिब्बतियों के लौकिक और आध्यात्मिक नेता के रूप में सिंहासन पर आसीन हुए। यह वह समय था जब तिब्बत अपने सीमाओं पर चीनी आक्रमण का सामना कर रहा था। तिब्बत की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका, ग्रेट ब्रिटेन और नेपाल में मिशन भेजे। लेकिन वैश्विक स्तर पर कोई भी प्रयास तिब्बत को बचाने में सफल नहीं हो सका। अकेले तिब्बत को कम्युनिस्ट चीन की पूरी ताकत का सामना करना पड़ा। 1950 में चीन ने तिब्बत पर आक्रमण किया और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (क्क्र) की सैन्य कार्रवाई के माध्यम से तिब्बत पर अपना नियंत्रण स्थापित किया। चामदो की निर्णायक लड़ाई में क्क्र की जीत ने तिब्बत के नेताओं को 1951 में बंदूक की नोक पर सत्रह सूत्री समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया। इस समझौते ने तिब्बत को औपचारिक रूप से चीन का हिस्सा घोषित कर दिया और दलाई लामा के ऐतिहासिक शासन को समाप्त कर दिया।

1954 में दलाई लामा ने चीन में एक वर्ष बिताया, और इसके बाद 1956 में भारत में पांच महीने अतिथि के रूप में रहे। इन यात्राओं ने उन्हें वैश्विक दृष्टिकोण और नेतृत्व की व्यापक समझ दी। उन्होंने राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक कार्यप्रणालियों का अध्ययन किया, और इससे उनके दृष्टिकोण में गंभीर बदलाव आया। 1959 में, जब 14वें दलाई लामा को एक चीनी जनरल ने छलपूर्वक नृत्य मंडली के प्रदर्शन में आमंत्रित किया, तिब्बती जनता ने उनके आवास को घेरकर उन्हें अपहरण से बचाने का प्रयास किया। भविष्यवाणी और साहस के सहारे, महज 23 वर्ष की उम्र में, उन्होंने सैनिक वेश धारण करके चुपके से भारत की सीमा पार की। तत्कालीन भारत सरकार ने उन्हें और तिब्बती शरणार्थियों को आश्रय प्रदान किया। इस निर्णय ने तिब्बत के अस्तित्व और उनके संघर्ष के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उनका नेतृत्व केवल तिब्बतियों के लिए नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए प्रेरणा बन गया। भारत आने के बाद उनके कंधों पर लगभग एक लाख शरणार्थियों की जिम्मेदारी थी। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक विकास के लिए कई संस्थानों की स्थापना की और तिब्बती बौद्ध धर्म की परंपराओं को संरक्षित एवं पुनर्जीवित किया। 1959 में भारत आने के बाद ही उन्होंने तिब्बती शासन प्रणाली में गहन बदलाव लाने का कार्य शुरू किया।



उनकी उपस्थिति और करुणामय दृष्टिकोण प्रवासी तिब्बतियों के लिए शक्ति और सांत्वना का स्रोत बने। उन्होंने तिब्बत की स्वायत्तता और स्वतंत्रता के बीच संतुलन स्थापित किया। परम पावन न केवल मानवता और धर्म के लिए समर्पित हैं, बल्कि पृथ्वी और प्रकृति के संरक्षण के प्रति भी। उन्होंने तिब्बती पठार को एशियाई नदियों का स्रोत बताते हुए इसे शांति और संरक्षण का क्षेत्र बनाने का आह्वान किया। दलाई लामा को 1989 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

दलाई लामा का योगदान केवल आध्यात्मिक नेतृत्व तक सीमित नहीं है। उन्होंने तिब्बती राजनीतिक और प्रशासनिक व्यवस्था में बड़े लोकतांत्रिक सुधार लागू किए। सबसे महत्वपूर्ण पहल यह रही कि उन्होंने अपनी राजनीतिक शक्ति का त्याग कर उसे अपने लोगों के बीच लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से वितरित किया। यह कदम विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि यह तब हुआ जब तिब्बत चीन के कब्जे में था। निर्वासन में रहते हुए उन्होंने तिब्बती समुदाय के लिए चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से राजनीतिक नेतृत्व चुनने की व्यवस्था की, जिससे निर्वासित तिब्बतियों में लोकतांत्रिक भावना को बल मिला। आज तिब्बती समुदाय में चुनावी प्रक्रिया चल रही है। वर्तमान कैबिनेट का पांच साल का कार्यकाल इस मई में समाप्त हो रहा है, और सिक्योंग पेनपा त्सेरिंग को लोगों ने 60% से अधिक वोटों के साथ निर्विरोध चुना है। भारत में दलाई लामा सुरक्षित हैं। उन्होंने अपने जीवन का अधिकांश समय भारत में बिताया। वे गर्व के साथ स्वयं को 'भारत का पुत्र' कहते हैं और भारत को अपनी कर्मभूमि मानते हैं। उनका जीवन केवल आध्यात्मिक नेतृत्व का प्रतीक नहीं, बल्कि लोकतंत्र, त्याग, करुणा और भारत के प्रति प्रेम का जीवंत उदाहरण भी है। उन्हें केवल आध्यात्मिक गुरु के रूप में नहीं बल्कि करुणा के प्रतीक और भगवान बुद्ध के अवतार के रूप में पूजा जाता है। वर्तमान में तेनज़िन ग्यात्सो (14वें दलाई लामा) के रूप में प्रतिष्ठित हैं और मैकलोडगंज (हिमाचल प्रदेश) में निवास कर रहे हैं।

गत सप्ताह 11 मार्च 2026 को, तेनशुक 2026 के अंतर्गत मैकलोडगंज के थे-कचेन चोएलिंग मंदिर में उनकी लंबी आयु के लिए प्रार्थना आयोजित की गई जिसमें हज़ारों बौद्ध भिक्षु, भिक्षुणियाँ और अनुयायी शामिल हुए। इस अवसर पर देश-विदेश से आए हजारों अनुयायियों और 24 तिब्बत सहायता समूहों ने हिंदी और तिब्बती भाषा में प्रार्थनाएँ कीं। अखिल भारत रचनात्मक समाज और भारत तिब्बत मैत्री संघ (महिला शाखा) की सक्रिय सदस्य होने के नाते मुझे भी इस आयोजन में सम्मलित होने का अवसर मिला। कार्यक्रम की शुरुआत अरुणाचल प्रदेश के रूपा और कलाकटांग के साधकों द्वारा चोड़ प्रथा से हुई, जिसमें दलाई लामा के दीर्घायु की प्रार्थना की गई। नामग्याल मठ के भिक्षुओं ने मंत्रों का पाठ किया और कोर ग्रुप के वरिष्ठ सदस्यों ने बुद्ध के शरीर, वाणी और मन का मंडल प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में कोर ग्रुप फॉर तिब्बतन कॉज़-इंडिया के प्रतिनिधियों ने उन्हें उनके निवास के गेट पर स्वागत किया, तत्पश्चात वे मंदिर प्रांगण में सिंहासन पर बैठे। दलाई लामा के दो गुरुजनों द्वारा रचित प्रार्थना दीर्घायु का गीत हिंदी और तिब्बती में पढ़ी गई। कार्यक्रम में तिब्बती और भारतीय झंडे उनके सम्मुख रखे गए, तथा कोर ग्रुप के कार्यकारी सदस्यों ने उन्हें काता (रेशमी शॉल) भेंट की। तत्पश्चात कोर ग्रुप के राष्ट्रीय संयोजक रिनचिन खांडू ख्रिमे ने सभा को संबोधित किया और दलाई लामा के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। समारोह में उन्हें करुणा रत्न भेंट किया गया, जिसमें सुनहरे बोधि पत्ते पर धर्मचक्र और शिक्षण मुद्रा में हाथ अंकित था। अरुणाचल प्रदेश की महिलाओं ने राज्य की प्रमुख छह जनजातियों के लोक परंपराओं और पोशाकों के साथ नृत्य और गायन प्रस्तुत किया। उसके बाद तमिलनाडु के कलाकारों ने देवी काली को समर्पित शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया।

400 से अधिक तिब्बत समर्थक समूहों के सदस्य कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और सभी ने दलाई लामा के समक्ष अपना सम्मान व्यक्त किया और आशीर्वाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के समापन पर दलाई लामा अपने निवास लौट गए, और उपस्थित सभी को मुस्कुराते और हाथ हिलाते हुए अभिवादन किया। आयोजन समाप्ति के पश्चात कोर ग्रुप-इंडिया के संयोजक आर.के. खिर्मे ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि तिब्बत समर्थक समूह तिब्बत के लिए संघर्ष का समर्थन करते हैं, और उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य इसके पक्ष में जनमत को जुटाना है।

बौद्ध धर्म के शिक्षक लामा सोनम वांगडी ने कहा कि दलाई लामा की आध्यात्मिकता और मानवता की शिक्षाएं वर्तमान समय में बहुत महत्वपूर्ण हैं जब दुनिया भर में युद्ध, संघर्ष और वर्चस्व की लड़ाई चल रही है।

तिब्बत मुक्ति आंदोलन का उद्देश्य चीन की दमनकारी नीतियों के बावजूद तिब्बत की संस्कृति, भाषा और धार्मिक स्वतंत्रता को बनाए रखना है। इस आंदोलन में दुनिया भर के तिब्बत समर्थक संगठन और व्यक्तियों ने सहयोग किया है। दलाई लामा हमेशा अहिंसात्मक विरोध और संवाद के माध्यम से संघर्ष की वकालत करते रहे हैं।

आज भी, दलाई लामा न केवल तिब्बतियों के लिए बल्कि पूरी मानवता के लिए शांति, करुणा और सहिष्णुता का संदेश फैलाते हैं। उनका जीवन और उनका आंदोलन हमें यह सिखाता है कि कठिनाइयों और अन्याय के सामने भी धैर्य, साहस और अहिंसा के मार्ग पर चलकर बदलाव लाया जा सकता है।

यकीनन निर्वासन कभी आसान नहीं होता साथियों।अपने घर, अपने शहर और अपने देश को छोड़कर एक अनजानी भूमि में आना अत्यंत साहस और बलिदान मांगता है। हर कदम खतरे से भरा होता है, हर मोड़ अनिश्चितता से। फिर भी तिब्बती लोग चीनी कैद से बचकर भारत में स्वतंत्र जीवन पाने के लिए अपने प्राणों की परवाह किए बिना यात्रा करते है। दुनिया भर में रह रहे तिब्बती शरणार्थी परम पावन दलाई लामा जी के नेतृत्व में अपने देश की स्वतंत्रता और गरिमा के लिए तिब्बती मुक्ति आंदोलन चला रहे हैं। निसंदेह दलाई लामा तिब्बती संस्कृति, धर्म और राष्ट्रीय पहचान का अवतार हैं। जब तक दलाई लामा सुरक्षित हैं, तिब्बत सुरक्षित है।

हालांकि दलाई लामा की दीर्घायु और उनके पुनर्जन्म के भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। चीन का कहना है कि कि दलाई लामा के पुनर्जन्म का निर्णय चीन के कानूनों का पालन करके किया जाना चाहिए। उसके पास रखे सोने के कलश से ही अगले दलाई लामा का नाम निकलेगा और अगला दलाई लामा चीन की सीमा के अंदर ही पैदा होगा। दरअसल इतिहास में दलाई लामा चुने जाने के कई तरीके अपनाए गए हैं जिसमे एक तरीका है स्वर्ण कलश से निकाला गया एक नाम। वह कलश आज चीन के कब्जे में है और उसका दुरुपयोग करने की साजिश की जा रही है। 14वें दलाई लामा 90 वर्ष की आयु पर कर चुके है। वह 600 वर्षों के इतिहास में सबसे लंबे समय तक जीवित रहने वाले दलाई लामा हैं,जो निर्वासन में होने के बावजूद बेहद सक्रिय और स्वस्थ हैं। परम पावन 14वें दलाई लामा ने अपने पुनर्जन्म को लेकर स्पष्ट किया है उनका पुनर्जन्म तिब्बती समुदाय के निर्णय पर निर्भर है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि मेरा जन्म एक स्वतंत्र दुनिया में होगा।

# खाड़ी युद्ध : कौन जीता है कौन हार गया?

**अमेरिका -इस्राईल द्वारा ईरान पर थोपा गया बलात युद्ध अनियंत्रित होकर बेहद ख़तरनाक दौर से गुज़र रहा है। दर्जनों देशों को अपनी चपेट में ले चुके इस युद्ध में अब तक खरबों डॉलर का नुक़्सान हो चुका है। अमेरिका -इस्राईल द्वारा मिलकर ईरान को जिस स्तर तक नुक़्सान पहुँचाया जा चुका है और अब भी उसके ईंधन उत्पाद केंद्रों पर हमले कर लगातार पहुँचाया जा रहा है उससे निश्चित रूप से पहले ही चार दशकों से वैश्विक रूप से आर्थिक व व्यवसायिक प्रतिबंध झेल रहे ईरान की कमर ज़रूर टूट जाएगी।**

**तनवीर जाफ़री**

परन्तु इसके बावजूद आप इस निष्कर्ष पर क़तई नहीं पहुँच सकते कि ईरान यह युद्ध हार चुका है या हार जायेगा। हाँ इसके विपरीत ईरान ने अपनी बहादुरी,सूझबूझ,योग्यता,दृढ़ संकल्प,विश्वास व कूटनीति के बल पर न केवल दुनिया के कई देशों के चेहरों से नक़ाब हटा दी है बल्कि अमेरिका के बारे में पूरे विश्व में बन चुकी विश्वविजेता जैसी फ़र्ज़ी धारणा को भी ध्वस्त कर दिया है।

बेशक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस्राईली प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू के बहकावे में आकर या एप्सटीन फ़ाइल के भयादोहन (ब्लैक मेलिंग ) का शिकार होकर ईरान को वेनेज़ुएला की ही तरह कमतर आंक कर उसपर हमला बोल दिया। दुनिया ने देखा कि ईरान पर आक्रमण करने से पूर्व अमेरिका व इस्राईल ने किस तरह ईरान के भीतर सत्ता विरोधी बग़ावत कराने जैसा कुटिल असफल प्रयास किया। गोया आज युद्ध में अपनी मुंह की खाने वाला अमेरिका मोसाद की मदद से ईरान में सत्ता विरोधी बग़ावत का भी सहारा लेना चाह रहा था जोकि राष्ट्रवादी ईरानियों ने मुमकिन नहीं होने दिया। न ही



शाह की औलाद को ईरान पर पुनः थोपने की अमेरिकी चाल कामयाब हो सकी। लिहाज़ा यह कहना ग़लत नहीं होगा कि अमेरिका अपनी इस कुटिल चाल में शुरुआत में ही ईरान से हार चुका था।

इसके बाद बावजूद इसके कि 27 फ़रवरी तक दोहा में ईरान - अमेरिका के बीच वार्ता हो ही रही थी फिर भी अमेरिका ने इस्राईली सेना के साथ मिलकर 28 फ़रवरी को पूरी ताक़त के साथ तेहरान पर हवाई हमले शुरू कर दिये। इन हमलों का उद्देश्य ईरान में सत्ता परिवर्तन,ईरान की मिसाइल क्षमताओं, परमाणु सुविधाओं और नेतृत्व को नष्ट करना था। ऑपरेशन रोअरिंग लायन और ऑपरेशन एपिक फ्यूरी नमक इस पहले आक्रमण में ही ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली ख़ामनेई का तेहरान के पेस्टूर स्ट्रीट स्थित आवास पर हमले में निधन हुआ। इसी हमले में कुल लगभग 40 ईरानी अधिकारी मारे गए, साथ ही 1,444 से अधिक मौतें भी हुई जिनमें 168 बच्चे और 200 महिलाएं शामिल थीं। इसी हमले में अयातुल्लाह अली ख़ामनेई के दामाद, पोते और अली शमखानी जैसे अन्य शीर्ष सुरक्षा अधिकारी मारे गये। रक्षा मंत्री अमीर नासिर जादेह और रिवोल्यूशनरी गार्ड के कमांडर मोहम्मद पाक पुर व सेना प्रमुख अब्दुल रहीम मूसवी सहित चार वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मारे गये। इसी हमले में ईरान के 24 प्रांत प्रभावित हुए, जहां 500 से अधिक सैन्य लक्ष्य जैसे एयर डिफ़ेंस , मिसाइल लॉन्चर, नौसेना और नतांज, कराज, क़ुम की परमाणु सुविधाएं आदि के नष्ट होने के दावे किये गये। तेहरान में राष्ट्रपति भवन, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, खुफ़िया मंत्रालय और ग्रैंड बाज़ार को काफ़ी क्षति पहुंची नागरिक इलाक़ों पर भीषण बमबारी की गयी। अमेरिकी टॉम हॉक मिसाईल से मिनाब में लड़कियों के एक स्कूल में 148 लड़कियों की मौत हो गयी तथा कई अस्पतालों को नुक़्सान हुआ। साइबर हमलों से इंटरनेट कनेक्टिविटी बुरी तरह प्रभावित हुई और उसी समय होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया जिससे वैश्विक स्तर पर तेल आपूर्ति बाधित हुई। इसी हमले के बाद ही ट्रंप ने यह कहना शुरू कर दिया था कि हमने संघर्ष के शुरुआती घंटों में ही ईरान की वायुसेना को ज़मीन पर ही तबाह कर दिया गया, और अब ईरान के पास वास्तविक 'एयरफ़ोर्स ' जैसी कोई प्रभावी ताक़त नहीं रही। उन्होंने कई बार यह दावा किया है कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में ईरान की नौसेना (नेवी) और वायु सेना (एयर फ़ोर्स) की क्षमता 'ख़त्म ' या 'लगभग पूरी तरह नष्ट' कर दी गई है। नौसेना को लेकर उन्होंने दावा किया है कि ईरान के लगभग सभी युद्धपोत और नौसैनिक जहाज़ डूबा दिए गए हैं, कुछ बयानों में '32 जहाज़ों के तलहटी में जाने' और '58 नौसैनिक जहाज़ों के नष्ट होने' जैसी संख्या भी दी गई।

परन्तु ट्रंप के इन दावों के बावजूद ईरान के मिसाइल और ड्रोन के भरपूर हमले अभी भी जारी हैं। और यह हमले अपनी तीव्रता व सटीकता के चलते अमेरिका सहित पूरे विश्व हो अचंभे में डाले हुये हैं। भले ही ईरानी सेना, नेवी और रडार व वायु रक्षा प्रणाली को भारी नुक़्सान ज़रूर पहुँचा है परन्तु इसके बावजूद ईरान ने पूरी दुनिया को यह भी दिखा दिया है कि 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद ईरान ने सिर्फ़ अमेरिकी पिट्ठू शाह पहलवी की सत्ता को ही नहीं उखाड़ फेंका बल्कि 47 वर्षों तक वैश्विक प्रतिबंधों के बाकजूद ईरान ने सामाजिक,शैक्षिक,वैज्ञानिक व सामरिक स्तर पर जो तैयारियां की हैं आज उसी का नतीजा सामने है। अन्यथा कौन सोच सकता था कि राष्ट्रपति ट्रंप के ईरान को हर प्रकार से तबाह बर्बाद करने के बार बार किये जा रहे दावों के बावजूद ईरान इस्राईल के हाइफ़ा पोर्ट व उसके पेट्रोलियम प्लांट और फाइनेंशियल ढांचे को तबाह कर देगा। अमेरिका के सर्व शक्तिशाली युद्धपोत यू एस एस अब्राहम लिंकन को धुआँ धुआँ कर उसे पीठ दिखाकर भागने के लिए मजबूर कर देगा, गेराल्ड आर फ़ोर्ड जैसा सबसे ख़तरनाक युद्धपोत पीठ दिखाकर भाग जायेगा , ईरान ने आयरन डोम के चलते इस्राईल के अजेय होने की धारणा को भी धूल धूसरित कर दिया। और तो और नेतन्याहू के अनेक स्पष्टीकरण व कथित प्रकटीकरण के बावजूद तमाम विश्लेषक नेतन्याहू के जीवित होने को लेकर अभी भी पूरी तरह आश्वस्त नहीं हैं। बहरहाल मैदान ए करबला से प्रेरित आईआरजीसी के 5 लाख प्रशिक्षित सैनिकों व 25 लाख से अधिक की आरक्षित सेना ने अपने बुलंद हौसलों से युद्ध में हार जीत की परिभाषा को बदल कर रख दिया है। ईरान ने अमेरिका के अजेय होने की धारणा को ध्वस्त करते हुये दुनिया को यह सोचने के लिये विवश कर दिया है कि आख़िर इस युद्ध में कौन जीता है कौन हार गया ?

# शिविर का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन

## विधायक, नपाध्यक्ष, सरपंच ने छात्राओं के प्रयासों को सराहा

**मीडिया ऑडीटर, नर्मदापुरम ( निप्र )।** शहीद भगत सिंह शासकीय पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) बालिका इकाई की ओर से आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का बीजन बाड़ा गांव में समापन हुआ बीजन बाड़ा गांव में एनएसएस छात्राओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम प्रस्तुत किए शिविर के दौरान, छात्राओं ने स्वच्छता अभियान, जनजागरूकता रैली, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा से संबंधित कई गतिविधियों का सफलतापूर्वक संचालन किया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव महेश्वरी ने स्वागत भाषण में एनएसएस के उद्देश्यों और महत्व पर प्रकाश डाला छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनमें लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, लक्ष्य गीत और आह्वान गीत शामिल थे इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध किया





और प्रभावी सामाजिक संदेश भी दिए विधायक ठाकुर दास नागपाल ने युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे शिविर समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल ने छात्राओं को अनुशासन, सेवा भाव और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया ग्राम सरपंच माधुरी पंचम सिंह बैंकर ने शिविर के दौरान किए गए कार्यों की सराहना की और कहा कि इससे गांव में सकारात्मक परिवर्तन आया है इस अवसर पर पूर्व छात्र चैन सिंह पटेल ने भी एनएसएस कैडेट्स को संबोधित किया कार्यक्रम में भाजपा नेता नवनीत नागपाल, डॉ. अनीता सेन (आईक्यूएसी समन्वयक), डॉ. एसके मेहरा, पंचम बैंकर, बलराम ठाकुर और ग्राम पंचायत के सदस्यगण उपस्थित थे सभी अतिथियों ने छात्राओं के कार्यों की प्रशंसा की और उन्हें निरंतर समाज सेवा के लिए प्रेरित किया शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया जिससे उनमें उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा। कार्यक्रम का मंच संचालन एनएसएस इकाई की पूर्व स्वयंसेविका निशिता जावर ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. किटी मौर्य ने आभार व्यक्त किया। समापन के बाद एनएसएस का ध्वज उतारा गया।

## 4.35 किलो गांजा जब्त, स्कूटी से तस्करी कर रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा




**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर ( निप्र )।** बिलासपुर में सिविल लाइन पुलिस ने गांजा तस्करी के एक मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है पुलिस ने गत दिवस व्यापार विहार स्थित प्लेनेटोरियम के पीछे रेलवे लाइन के पास से स्कूटी में 4.35 किलोग्राम गांजा ले जाते हुए उसे पकड़ा आरोपी के पास से 42,500 रुपए नकद भी जब्त किए गए पुलिस के अनुसार, तालापारा बजरंग चौक निवासी 29 वर्षीय कार्तिक गुप्ता को व्यापार विहार तारा मंडल के पास स्कूटी (वाहन क्र. सीजी-10 सीडी-1592) से रेलवे लाइन पार कर इंद्रसेन नगर की ओर जाते समय रोका गया। संदेह होने पर उसकी स्कूटी की डिक्की की तलाशी ली गई जिसमें अवैध रूप से रखा 4.35 किलोग्राम गांजा और 42,500 रुपए नकद बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ के आधार पर मामले की गहन जांच की जा रही है पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस गांजा तस्करी में उसके साथ और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

## खल्लारी मंदिर में रोपवे टूटा, 2 ट्रॉली खाई में गिरी 1 की मौत, 16 घायल;नवरात्रि पर दर्शन के लिए पहुंचे थे श्रद्धालु



**मीडिया ऑडीटर, छत्तीसगढ़ ( निप्र )।** समुंद जिले के प्रसिद्ध खल्लारी माता मंदिर में रोपवे टूटने से 16 श्रद्धालु घायल हो गए जबकि एक युवती की मौत हो गई घायलों में 4 की हालत गंभीर है यह सभी लोग चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन दर्शन करने आए थे दर्शन के बाद कुछ श्रद्धालु रोपवे की ट्रॉली से नीचे उतर रहे थे तभी अचानक केबल टूट गया ट्रॉली पहाड़ी से टकराई और उसमें बैठे लोग करीब 20 फीट नीचे गिर गए इसी दौरान ऊपर जा रही दूसरी ट्रॉली भी संतुलन खोकर गिर गई। उसमें बैठे लोग भी घायल हो गए। ज्यादातर घायल रायपुर के रहने वाले हैं कलेक्टर ने कहा है कि केबल कैसे टूटा इसकी जांच की जा रही है फिलहाल सभी घायलों का इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रोपवे की 2 ट्रॉली हादसे का शिकार हुई है पहले ट्रॉली के श्रद्धालु दर्शन कर वापस लौट रहे थे तभी केबल टूटने से ट्रॉली अनियंत्रित हो गई लगभग 20 फीट नीचे पहाड़ी की चट्टान से जा टकराई इस जोरदार झटके के कारण ट्रॉली में बैठे लोगों को गंभीर चोटें आईं एक युवती ने दम तोड़ दिया। इसी दौरान नीचे से ऊपर जा रही ट्रॉली भी बीच में अनियंत्रित हुई जिससे ये ट्रॉली भी नीचे गिर गई इसमें बैठे लोगों को भी चोट आई है हादसे के बाद मंदिर परिसर में अफरातफरी मच गई स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया घायलों को निजी वाहनों की सहायता से अस्पताल पहुंचाया गया। चैत्र नवरात्रि के कारण खल्लारी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ थी स्थानीय लोगों ने रोप-वे के नियमित रखरखाव और सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया है उनका कहना है कि यदि समय-समय पर इसका मेंटेनेंस किया जाता तो इस तरह की घटना से बचा जा सकता था घटना के बाद प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है महासमुंद से 25 किलोमीटर दक्षिण की ओर खल्लारी गांव की पहाड़ी के शीर्ष पर खल्लारी माता का मंदिर स्थित है हर साल क्वांर और चैत्र नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ इस दुर्गम पहाड़ी में दर्शन के लिए आती है हर साल चैत्र मास की पूर्णिमा के अवसर पर मेले लगता है मंदिर तक पहुंचने के लिए करीब 800 सीढ़ियां चढ़नी होती है ऐसी मान्यता है कि महाभारत युग में पांडव अपनी यात्रा के दौरान इस पहाड़ी की चोटी पर आए थे डोंगरगढ़ में रोप-वे ट्रॉली टूटकर गिरी: बाल-बाल बचे पूर्व गृहमंत्री पैकरा; प्रदेश महामंत्री भारत वर्मा को गंभीर चोट आई है।

## नर्मदापुरम में 3 मंदिरों में चोरी; लोग बोले- कॉलोनी में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने पर जोर



**मीडिया ऑडीटर, नर्मदापुरम ( निप्र )।** शहर के रसूलिया स्थित साईं ग्रीन सिटी कॉलोनी में चोरों ने धार्मिक स्थलों को निशाना बनाते हुए तीन मंदिरों से भगवान की सामग्री चोरी कर ली रविवार सुबह जब रहवासी मंदिर पहुंचे तो दान पेटी, कलश, गदा, त्रिशूल, चांदी का मुकुट और बड़े घंटे गायब मिले घटना के बाद कॉलोनी में हड़कंप मच गया। रहवासियों के अनुसार चोरों ने एक साथ तीन मंदिरों में वारदात को अंजाम दिया देवी मंदिर से दान पेटी, कलश और मंदिर का घंटा चोरी हुआ हनुमान मंदिर से हनुमान जी की गदा गायब मिली शंकर मंदिर से त्रिशूल, दान पेटी, पूजन सामग्री, बड़ा घंटा और चांदी का मुकुट चोरी कर लिया गया चोरी का पता रविवार सुबह पूजा के लिए पहुंचे लोगों को लगा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई फुटेज खंगाल रही पुलिस सूचना मिलने पर देहात थाने से एएसआई दिनेश मेहरा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तीनों मंदिरों का निरीक्षण किया कॉलोनी में लगे कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर ली जाएगी।

## मानपुर के मैन बाजार में पार्किंग का अभाव, राहगीर और व्यापारी परेशान




**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी ( निप्र )।** कस्बे का मुख्य बाजार इन दिनों अव्यवस्थित पार्किंग के कारण जाम की समस्या से जूझ रहा है संकरी सड़क और दुकानों के सामने खड़े दोपहिया वाहनों के चलते दिनभर यातायात बाधित रहता है हालात ऐसे हैं कि जैसे ही कोई वाहन बाजार में प्रवेश करता है कुछ ही मिनटों में जाम लग जाता है बाजार में प्रतिदिन आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं लेकिन सुनियोजित पार्किंग व्यवस्था के अभाव में लोग अपने वाहन सड़क किनारे या दुकानों के सामने ही खड़े कर देते हैं इससे रास्ता संकरा हो जाता है और पैदल चलने वालों तक को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है दुकानदारों का कहना है कि जाम के कारण ग्राहकों को भी परेशानी होती है, जिससे व्यापार पर असर पड़ रहा है। कई बार ग्राहकों को वाहन पार्क करने की जगह नहीं मिलने के कारण बिना खरीदारी किए ही लौटना पड़ता है इस समस्या को लेकर नागरिकों और व्यापारियों द्वारा कई बार प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है।

## मेडिकल कॉलेज में पहली लेजर सर्जरी, डॉक्टर बोले- लेजर सर्जरी में छोटा चीरा लगता है



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी ( निप्र )।** श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज में पहली बार लेजर तकनीक से सर्जरी की गई। स्वास्थ्य शिविर के दौरान पाइल्स के कई मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया जिससे उन्हें राहत मिली। ये ऑपरेशन रोटरी मेडिकल मिशन और माधव मेडिकल मिशन के संयुक्त शिविर में किए गए। जोधपुर से आए लेप्रोस्कोपिक और लेजर सर्जन डॉ. राम गोयल ने अपनी मशीनों के साथ सर्जरी की मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. डी. परमहंस ने बताया कि पहले ऐसी सर्जरी के लिए मरीजों को बड़े शहरों में जाना पड़ता था लेकिन अब यह सुविधा शिवपुरी में ही मिल रही है लेजर सर्जरी में छोटा चीरा लगता है खून कम निकलता है और मरीज जल्दी ठीक हो जाता है ऑपरेशन के दौरान एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. शिल्पा अग्रवाल और डॉ. नीति अग्रवाल के साथ नर्सिंग इंचार्ज सिस्टर प्रियंका भी मौजूद रहीं। शिविर में कोलारस के आसाराम, जमुनिया की गीताबाई, छत्री शिवपुरी के मुन्नालाल और सिंगरई के राजकुमार सहित कई मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया।

# आवारा कुत्तों ने ली 15 हिरणों की जान डिप्टी रेंजर समेत 4 कर्मचारी सस्पेंड





**मीडिया ऑडीटर,सरगुजा ( निप्र )।** अंबिकापुर जिले में स्थित संजय पार्क में आवारा कुत्तों के हमले से 15 हिरणों की मौत हो गई शुक्रवार (20 मार्च) रात पार्क के पास लगे जंगल से कुछ आवारा कुत्ते परिसर में घुस गए और दौड़ा दौड़ाकर हिरणों को नोंच कर काट डाला कुत्तों ने सांभर और उनकी कोठरियों को भी नुकसान पहुंचाया। बताया जा रहा है एक जगह से बाड़े का तार टूट गया था कुत्ते वहीं से अंदर घुसे थे 14 हिरणों की मौत घटना के अगले दिन हो गई थी जबकि एक घायल हिरण ने रविवार को दम तोड़ दिया। घटना के बाद पार्क को तीन दिनों के लिए बंद कर दिया गया है मामले में लापरवाही सामने आने के बाद डिप्टी रेंजर समेत 4 कर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। जब घटना हुई रात के अंधेरे में कोई मौजूद नहीं था। अगले दिन 21 मार्च की सुबह घटना की जानकारी मिलते ही पार्क कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। वन विभाग ने वेटनरी डॉक्टरों को बुलाकर सभी मृत हिरणों का पोस्टमॉर्टम कराया। इसके बाद अंतिम संस्कार किया गया। अंबिकापुर जिले से 15 किलोमीटर दूर संजय पार्क स्थित है। पार्क काफी पुराना है। सरकार ने साल 1980 में इसे विकसित किया था। वर्तमान में यहां 31 हिरण, 1 नीलगाय, पक्षी और बहुत सारे मोर है। जिन्हें सुरक्षा के घेरे में रखा गया है। लेकिन पार्क के पीछे वाले इलाके में एक जगह बाड़े का तार टूटा था कुत्ते वहीं से अंदर घुस आए डीएफओ अभिषेक जोगावत ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि 15 हिरणों की मौत हुई है। इनमें 5 मादा चीतल, 1 नर चीतल, 5 मादा कोटरा, 1 नर कोटरा, 3 नर चौसिंघा शामिल है। मामले में लापरवाही सामने आने पर सीसीएफ दिलराज प्रभाकर ने डिप्टी रेंजर सहित 4 कर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है पार्क में इन्हीं की ड्यूटी लगी थीआरोप है कि बाउंड्री का तार टूटा रहा लेकिन इसकी जानकारी नहीं दी गई इसके अलावा अंबिकापुर के रेंजर अक्षपलक ऋषि को नोटिस जारी कर 5 दिनों के अंदर जवाब मांगा गया है, संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रैकमैन का मिला शव,रेलवे क्वार्टर के कमरे में बंद मिला दरवाजा, सिर पर चोट के निशान



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी ( निप्र )।** रेलवे स्टेशन के पास स्थित सरकारी रेलवे क्वार्टर में शनिवार रात रेलवे कर्मचारी का शव मिला है मृतक के सिर पर चोट के निशान पाए गए हैं सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान 34 वर्षीय कमलेश कुशवाह पुत्र हरीराम कुशवाह के रूप में हुई है वह उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के तालबेहट का निवासी था और रेलवे में ट्रैकमैन के पद पर कार्यरत था साथी कर्मचारी आकाश श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार को कमलेश की छुट्टी थी दिनभर जब वह अपने क्वार्टर से बाहर नहीं निकला तो संदेह होने पर आकाश ने खिड़की से देखा कमलेश कमरे में जमीन पर पड़ा हुआ दिखाई दिया कमरे का दरवाजा बंद था पीछे वाला दरवाजा खुला मिला इसकी सूचना तुरंत जीआरपी पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि कमरे का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद था जबकि पीछे का दरवाजा खुला हुआ था पुलिस पड़ोसी क्वार्टर की छत के रास्ते अंदर दाखिल हुई कमलेश के सिर पर चोट के निशान थे और कमरे में उल्टी भी पड़ी हुई थी कमलेश को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# अदानी कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों का धरना :अनूपपुर में भारी वाहनों से सड़क क्षतिग्रस्त; नो एंट्री पर बनी सहमति

**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर ( निप्र )।** बिजुरी थाना क्षेत्र में कोठी-छतई गांव के बीच प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क पर भारी वाहनों से हो रहे नुकसान के विरोध में रविवार को ग्रामीणों ने अदानी पावर कंपनी के कार्यालय के सामने धरना दिया ग्रामीणों ने ओवरलोड वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की और नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा प्रशासन और कंपनी अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद नो एंट्री सहित अन्य मुद्दों पर सहमति बनीयह प्रदर्शन जिला पंचायत सदस्य रामजी रिंकू मिश्रा के नेतृत्व में हुआ। ग्रामीणों





का आरोप है कि कोठी में चल रहे पावर प्रोजेक्ट और अन्य निर्माण कार्यों से जुड़े भारी वाहन सड़क की क्षमता से अधिक भार लेकर गुजरते हैं, जिससे सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है यह मार्ग बिजुरी-कोतमा का प्रमुख संपर्क मार्ग है जिसका उपयोग स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों द्वारा प्रतिदिन किया जाता है भारी वाहनों के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है और लोगों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है प्रदर्शन की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार बिजुरी लवतेन्द्र सिंह और बिजुरी थाना प्रभारी विकास सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने कंपनी अधिकारियों की मौजूदगी में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। कंपनी अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कराया गया। इस दौरान भारी वाहनों का परिवहन रोका गया जिससे मेटेरियल संबंधित वाहन कंपनी गेट तक नहीं पहुंच पाए प्रशासन ने आश्वासन दिया कि नियम विरुद्ध ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी इसके साथ ही, पावर प्लांट प्रबंधन दो दिनों के भीतर क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत करेगा।

## कोलारस बायपास पर कार-बाइक भिड़ंत में दुकानदार गंभीर' कार मजिस्ट्रेट की बताई जा रही



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी ( निप्र )।** जिले के कोलारस थाना क्षेत्र में एनएच-46 स्थित कोलारस बायपास पर रविवार को एक कार और बाइक के बीच टक्कर हो गई हादसे में बाइक सवार दुकानदार अभिषेक सिंह गौर गंभीर रूप से घायल हो गए जानकारी के अनुसार इमलाउदा गांव निवासी अभिषेक सिंह गौर अपनी दुकान का सामान लेकर कोलारस से वापस गांव लौट रहे थे केपीएस स्कूल के पास कोलारस बायपास पर पहुंचते ही गुना की ओर से आ रही एक कार से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई टक्कर इतनी भीषण थी कि अभिषेक सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई बताया जा रहा है कि यह कार इंदौर पासिंग है और किसी मजिस्ट्रेट की है सूचना मिलने पर कोलारस पुलिस मौके पर पहुंची। घायल अभिषेक सिंह को तत्काल कोलारस स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

# अनाज व्यापारी से लूट का खुलासा, चार गिरफ्तार

## महोबा रोड घटना में 90 हजार नगद दो आईफोन, कट्टा-कारतूस, मोटरसाइकिल मिले

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** थाना लवकुश नगर पुलिस ने महोबा रोड पर अनाज व्यापारी से हुई लूट और मारपीट की घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूटी गई नकदी और अन्य महत्वपूर्ण सामान भी बरामद किया गया है। एसडीओपी नवीन दुबे ने लवकुश नगर थाने में इस लूटकांड का विवरण साझा किया। यह घटना 18 मार्च 2026 को दोपहर में हुई थी। अनाज व्यापारी विनय शिवहरे और उनके साथी इल्लु गुप्ता महोबा मंडी से अनाज बेचकर लौट रहे थे, तभी आरोपियों ने उन पर हमला कर लूट को अंजाम दिया। हमलावरों ने पीड़ितों को चोट पहुंचाई और उनसे नकदी सहित अन्य सामान लूट लिया था। इस संबंध में थाना लवकुश नगर में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायल पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका आवश्यक उपचार



किया गया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। टीम ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जिला महोबा, हमीरपुर, जालौन और झांसी के विभिन्न स्थानों पर लगातार दबिश दी। त्वरित और समन्वित कार्रवाई के परिणामस्वरूप पुलिस ने लूट की घटना में शामिल चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

मलते ही डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायल पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका आवश्यक उपचार किया गया।गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अयान खान पुत्र अयूब खान (निवासी काशीराम कॉलोनी महोबा), बबलू कुशवाहा उर्फ परफेक्ट डेंजर पुत्र आसाराम कुशवाहा (निवासी उदल चौक महोबा), राज वर्मा अहिरवार पुत्र नंदराम अहिरवार (निवासी बजरिया मोहल्ला महोबा) और महेंद्र कुशवाहा पुत्र गया प्रसाद कुशवाहा (निवासी उदल चौक महोबा) के रूप में हुई है। अभियुक्तों के पास से लूटी गई राशि में से 90 हजार रुपये नकद, दो आईफोन मोबाइल, घटना में प्रयुक्त 12 बोर का देसी कट्टा और कारतूस, तथा एक पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। बरामद की गई संपत्ति की कुल अनुमानित कीमत लगभग तीन लाख रुपये बताई गई है।

## राहतगढ़ हाईवे पर निर्माणाधीन पुलिया में पिकअप गिरीचालक और क्लीनर घायल

**मीडिया ऑडीटर, रायसेन (निप्र)।** रायसेन-राहतगढ़ हाईवे पर बन रही पुलिया में रविवार एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर गिर गया। इस दुर्घटना में वाहन चालक और क्लीनर घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। घटना सागर रोड स्थित टोल नाके के आगे निर्माणाधीन पुलिया पर हुई। फलों से भरा पिकअप वाहन सड़क से करीब 20 फीट नीचे गहरी पुलिया में जा गिरा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को वाहन से बाहर निकाला। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि निर्माण के दौरान सड़क को जगह-जगह से खोदा गया है, लेकिन कोई सूचना या सांकेतिक बोर्ड नहीं लगाए गए हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बता दें कि रायसेन से राहतगढ़ तक 260 करोड़ रुपये की लागत से हाईवे का निर्माण किया है।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल दोनों बच्चे सुरक्षित, ड्राइवर मौके से फरार



**मीडिया ऑडीटर, सिवनी (निप्र)।** सिवनी जिले के केवलारी-नैनपुर मार्ग पर रविवार सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार दंपती घायल हो गए। उनके साथ बाइक पर सवार दोनों बच्चों को मामूली चोटें आईं। घटना ग्राम गंगाटोला के पास सुबह लगभग 11 बजे हुई। केवलारी थाना क्षेत्र के ग्राम सालीवाड़ा निवासी पूनू उइके पत्नी और दो बच्चों के साथ बाइक से केवलारी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक सवार सभी लोग सड़क पर गिर पड़े। पिकअप चालक मौके से फरार हो गया।

**घायलों को सिविल अस्पताल केवलारी पहुंचाया :** हादसे के बाद मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने घायलों को निजी वाहन से सिविल अस्पताल केवलारी पहुंचाया। वहां उनका उपचार जारी है। डॉक्टरों ने बताया कि पति-पत्नी को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि दोनों बच्चों की हालत खतरे से बाहर है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिकअप वाहन तेज गति में था और लापरवाही से चलाते हुए उसने बाइक को टक्कर मारी। हादसे के बाद चालक बिना रुके मौके से भाग निकला।

**मौके से पिकअप चालक फरार, तलाशी जारी :** घटना की सूचना मिलते ही केवलारी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर फरार वाहन और चालक की तलाश कर रही है। केवलारी थाना प्रभारी प्रीतम सिंह तिलगाम ने बताया कि अज्ञात पिकअप वाहन की ओर से बाइक को टक्कर मारने की सूचना मिली है। घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपी वाहन चालक की पहचान कर उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तेज रफ्तार और लापरवाह वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

## ऑटो से बैटरी चुराने वाला शातिर चोर गिरफ्तार घर के बाहर खड़े ऑटो से बैटरी और स्टेपनी लेकर भागा था




**मीडिया ऑडीटर, सागर (निप्र)।** सागर जिले की मोतीनगर थाना पुलिस ने 19 मार्च की रात एक ऑटो रिक्शा से राइड कंपनी की बैटरी और स्टेपनी चोरी करने वाले 22 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। नई गल्लामंडी (खुरई रोड) क्षेत्र से हुई इस चोरी के मामले में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संदेही को पकड़ा, जिसके कब्जे से चोरी गया सामान बरामद कर लिया गया है। मोतीनगर पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है।

**रात 10.30 बजे घर के नीचे खड़ा किया था ऑटो :** 19 मार्च को फरियादी कमलेश बंजारे (36) पिता दयाराम बंजारे निवासी नई गल्लामंडी खुरई रोड, सागर ने थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कमलेश ने बताया कि वह रोजाना की तरह ऑटो चलाकर रात करीब 10.30 बजे घर वापस आया था। उसने ऑटो को घर के नीचे रोड पर खड़ा कर दिया था। अगले दिन सुबह देखा तो ऑटो में लगी राइड कंपनी की बैटरी और स्टेपनी गायब थी। आसपास तलाश किया, लेकिन नहीं मिली। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मुखबिर तंत्र सक्रिय किया।

**मुखबिर की सूचना पर पकड़ाया आरोपी, कबूला जुर्म :** मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने संदेही हन्नी उर्फ कल्लू चौरसिया (22) पिता राजू चौरसिया निवासी रामपुरा विजय टाकीज चौराहा को हिरासत में लिया। थाने लाकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात करना स्वीकार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी गई बैटरी और स्टेपनी बरामद कर ली है। थाना प्रभारी बोले- आरोपी को न्यायालय में पेश किया है कार्रवाई को लेकर मोतीनगर थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि, 'ऑटो रिक्शा से बैटरी और स्टेपनी चुराने वाले आरोपी को पकड़ा है। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

## पिता बोले-डॉक्टर दामाद ने रची बेटी की हत्या की साजिशन्हार्ट-अटैक, ट्रक का कट और फिर आग

**मीडिया ऑडीटर, सागर (निप्र)।** कार में जिंदा जली थी डॉक्टर की पत्नी। हमारी बच्ची गढ़ाकोटा में डॉक्टर के यहां ब्याही थी। डॉक्टर ने रात 4 बजे फोन लगाया कि सीमा बोल नहीं रही। बेहोश है। हम सागर के लिए निकल गए। फिर डॉक्टर का फोन आया कि एक ट्रक ने कट मार दिया। गाड़ी खंती में उतर गई। हमें तो यह लग रहा है कि उसने जानबूझकर उसे मारा है। कैसे मारा, वह तो रिपोर्ट में पता चलेगा। मरी हुई लाकर नामो-निशान मिटाने की कोशिश की है। कार में तीन लोग और थे। उनकी हालत बिलकुल ठीक है। वे सुरक्षित निकल आए। यह पूरी साजिश है। अभी उसने दूसरी गाड़ी भी ली थी, बीमा-वीमा भी कराया होगा। यह आरोप है राधा चरण पटेल का। इनकी 38 वर्षीय बेटी सीमा कुर्मी सागर-गढ़ाकोटा रोड पर कार में जली अवस्था में मिली थी। सीमा के पिता और भाई ने डॉ. नीलेश पर हत्या करने का आरोप लगाया है। इसके बाद पुलिस ने डॉ. नीलेश और उसके दोनों साथियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, विस्तृत पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पिता और भाई का आरोप है कि डॉक्टर का एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर था। इसे लेकर सीमा और डॉक्टर में विवाद होता था।

# ऑनलाइन शॉपिंग का रिफंड लेने गूगल पर सर्च किया नंबर लिंक पर क्लिक करते खाते से उड़े 99 हजार रुपए

**मीडिया ऑडीटर, नर्मदापुरम (निप्र)।** नर्मदापुरम के रसूलिया इलाके में ऑनलाइन शॉपिंग के बाद रिफंड पाने के चक्कर में एक महिला 99 हजार रुपए की साइबर ठगी का शिकार हो गई। महिला ने गूगल से कंपनी का कस्टमर केयर नंबर सर्च कर कॉल किया था, जिसके बाद जालसाजों ने रिफंड के नाम पर एक लिंक भेजी और उस पर क्लिक करते ही खाते से रकम कट गई।जैसे ही रुबी ने जालसाजों द्वारा भेजी गई लिंक पर क्लिक किया, उनके बैंक खाते से 99 हजार रुपए कट गए।

शिकायत मिलने के बाद देहात थाना पुलिस ने दो मोबाइल



नंबर धारकों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। देहात थाने से मिली जानकारी के अनुसार, रसूलिया निवासी रुबी फौजदार ने एक ऑनलाइन कंपनी से कपड़े ऑर्डर किए थे। जब कपड़े नहीं आए, तो उन्होंने अपने पैसे वापस (रिफंड) लेने के लिए गूगल पर सर्च कर कस्टमर केयर का नंबर निकाला।

**रिफंड के लिए भेजी लिंक, क्लिक करते ही कटे पैसे :** रुबी ने जब सर्च किए गए नंबर पर कॉल किया, तो दूसरी तरफ बात कर रहे जालसाजों ने कहा कि वे पैसे वापस भेज देंगे, इसके लिए एक लिंक दे रहे हैं। जैसे ही रुबी ने जालसाजों द्वारा भेजी गई लिंक पर क्लिक किया, उनके बैंक खाते से 99 हजार रुपए कट गए।

**देहात पुलिस ने 2 मोबाइल नंबर धारकों पर दर्ज की स्त्रढ्डक्र :** ठगी का अहसास होने पर पीड़िता ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। देहात थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मोबाइल नंबर 8282955076 और 8982011298 के धारकों पर धोखाधड़ी करने का केस दर्ज किया है।

**सायबर पुलिस की चेतावनी- सर्च इंजन पर मिलते हैं फर्जी नंबर :** सायबर पुलिस के अनुसार, ऑनलाइन साइट्स या गूगल सर्च में कई बार कंपनियों के कस्टमर केयर के नंबर फर्जी और धोखाधड़ी करने वाले होते हैं। इस मामले में भी ऐसा ही हुआ है। महिला ने जहां से कपड़े बुलाए थे, वो सही कंपनी थी, लेकिन रिफंड के लिए गूगल से जो नंबर निकालकर बात की गई, वह जालसाजों का था। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# बैतूल में शराबी पति ने पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला

**मीडिया ऑडीटर, बैतूल (निप्र)।** बैतूल जिले के भैंसदेही थाना क्षेत्र के ग्राम बैलढाना में घरेलू विवाद के बाद पति ने पत्नी की डंडों से पीटकर हत्या कर दी। यह घटना शनिवार शाम को हुई। मृतका का रविवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। घटना के बाद से आरोपी पति फरार है। जानकारी के अनुसार, 37 वर्षीय मालो अपने घर में थी, तभी उसका पति राजू धोटे शराब के नशे में वहां पहुंचा। किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ने पर राजू ने डंडे से मालो की पिटाई कर दी, जिससे उसके चेहरे और शरीर पर गंभीर चोटें आई। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल मालो को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस और परिजनों के मुताबिक, पति-पत्नी के बीच पिछले एक सप्ताह से लगातार विवाद चल रहा था। मृतका के चार बच्चे हैं, जिनमें तीन बेटियां और एक बेटा शामिल हैं। रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। भैंसदेही पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# सनावद में 12.650 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त, 3 गिरफ्तार रतलाम से लाए थे मादक पदार्थ




### वाहन चेकिंग में पकड़े गए, 1.25 लाख का माल बरामद

**मीडिया ऑडीटर, खरगोन (निप्र)।** खरगोन जिले के सनावद में पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान वाहन चेकिंग में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 12 ग्राम 650 मिलीग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई, जिसकी कीमत करीब 1.25 लाख रुपये बताई जा रही है। कार्रवाई 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत की गई। अनाज मंडी क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक बुलेट बाइक को रोकने की कोशिश की, लेकिन सवार युवक भागने लगे। संदेह होने पर पुलिस ने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी पवन वर्मा और मोईन शेख की तलाशी में ब्राउन शुगर मिली। पवन के पास से 9.120 ग्राम और मोईन के पास से 3.530 ग्राम नशा बरामद हुआ।

**रतलाम से जुड़ा सप्लायर भी गिरफ्तार :** पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह नशा रतलाम के आमिन खान उर्फ महाराज से लाया गया था। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

**एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज :** पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी पवन पर पहले से चार और आमिन पर तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अब पूरे ड्रग नेटवर्क की जांच कर रही है और अन्य सप्लायरों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

# नेपानगर के बुधवारा बाजार में नपा ने पानी टंकी तुड़वाई सवा लाख की लागत से बनेगी नई टंकी

**मीडिया ऑडीटर, बुरहानपुर (निप्र)।** बुरहानपुर में नेपानगर के बुधवारा बाजार में व्यापारियों और दुकानदारों को पानी की कमी और गंदगी से लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पुरानी टंकी टूटने के कारण व्यापारियों, दुकानदारों और यहाँ आने वाले ग्राहकों को पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। यहां एक प्लास्टिक की टंकी रखी गई थी जिसमें पानी नियमित रूप से भरा जाता था, लेकिन कभी सफाई नहीं होती थी। टंकी की टोटी भी टूट गई थी और आसपास गंदगी फैल गई थी, जिससे पानी पीने योग्य नहीं रह गया था।



**नगर पालिका ने टंकी तोड़ी :** नगर पालिका ने अब पुराने डैमेज टंकी को तोड़वा दिया है। नगर पालिका अध्यक्ष भारती विनोद पाटील ने बताया कि बुधवारा में नई टंकी का निर्माण करीब सवा लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। इसके वर्क ऑर्डर जारी हो चुके हैं और तीन-चार दिन में निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। पुरानी टंकी टूटने के कारण व्यापारियों, दुकानदारों और यहाँ आने वाले ग्राहकों को पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

लोग पानी केवल दैनिक इस्तेमाल के कामों के लिए ले पा रहे हैं, पीने के लिए नहीं। गर्मियों में इस समस्या से सबसे अधिक परेशानी हो रही है।

**नई टंकी से राहत की उम्मीद :** नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नई टंकी बनने के बाद व्यापारी और आमजन दोनों को साफ और पीने योग्य पानी उपलब्ध होगा। इस कार्य के पूरा होने के बाद बुधवारा बाजार में जल संकट से राहत मिलने की उम्मीद है।

# मंदसौर में डंपर और बाइक की टक्कर जन्मदिन मनाकर लौट रहे युवक की मौत साथी भीलवाड़ा रेफर, डंपर जब्त ड्राइवर फरार

**मीडिया ऑडीटर, मंदसौर (निप्र)।** मंदसौर जिले के बाजखेड़ी फंटे पर शनिवार रात तेज रफ्तार डंपर ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में जन्मदिन मनाकर लौट रहे बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद भीलवाड़ा रेफर किया गया है। नई आबादी थाना पुलिस ने मौके से डंपर को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। रविवार सुबह मृतक के शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार, आशुतोष चौहान (पिता प्रकाश चौहान) और हिमांशु गुर्जर शनिवार रात किसी परिचित का जन्मदिन मनाकर सीतामऊ की ओर से मंदसौर लौट रहे थे। इसी दौरान बाजखेड़ी फंटे पर एक तेज रफ्तार डंपर (क्रमांक MH 04 CM 1711) ने उनकी मोटरसाइकिल (क्रमांक MPv4MV



7031) को जोरदार टक्कर मार दी।

**आशुतोष की मौके पर मौत, हिमांशु की हालत गंभीर :** हादसा इतना भीषण थौ। ाशुतोष चौहान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हिमांशु गुर्जर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल हिमांशु को तुरंत जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया,ई आबादी थाना पुलिस ने मौके से डंपर को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे भीलवाड़ा रेफर कर दिया है।

जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद भीलवाड़ा रेफर किया गया है। नई आबादी थाना पुलिस ने मौके से डंपर को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

इसी दौरान बाजखेड़ी फंटे पर एक तेज रफ्तार डंपर (क्रमांक MH 04 CM 1711) ने उनकी मोटरसाइकिल (क्रमांक MPv4MV 7031) को जोरदार टक्कर मार दी।

## इंदौर में पिल्ले को पीट-पीटकर मार डाला

**मीडिया ऑडीटर, इंदौर (निप्र)।** इंदौर में एक शख्स ने पीट-पीटकर कुत्ते के पिल्ले की जान ले ली। मामला लसूड़िया इलाके की पैराडाइज कॉलोनी में 19 मार्च की रात का है। इसका वीडियो रविवार को सामने आया है।उसकी तड़प-तड़पकर मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी की पहचान पैराडाइज कॉलोनी निवासी मुकेश कुमावत के रूप में हुई है। वीडियो में दिख रहा है कि पिल्ला सड़क पर चलता हुआ आरोपी और उसके साथी की तरफ आया। जैसे ही वह पास पहुंचा, आरोपी ने लाठी से उस पर हमला कर दिया। पिल्ला जमीन पर गिर गया। उसकी तड़प-तड़पकर मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी की पहचान पैराडाइज कॉलोनी निवासी मुकेश कुमावत के रूप में हुई है। वीडियो के आधार पर पीपुल्स फॉर एनिमल्स (क्क्न्र) की इंदौर ब्रांच की अध्यक्ष नहीं हो पाई है। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक, मुकेश ने यह आरोप लगाते हुए डॉगी पर हमला किया था कि वह लोगों को काटता है।

### केविन पीटरसन ने चुनी IPL की ड्रीम प्लेइंग 11

# रोहित शर्मा आउट, कोहली-गेल ओपनर, धोनी कप्तान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने आईपीएल 2026 से पहले इंडियन प्रीमियर लीग की ड्रीम प्लेइंग इलेवन का चयन किया। पीटरसन ने इस टीम में रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ियों को नहीं चुनकर चौंका दिया जबकि उन्होंने अपनी टीम का कप्तान एमएस धोनी को चुना।

**कोहली और गेल को बनाया ओपनर-** पीटरसन ने अपनी ड्रीम आईपीएल प्लेइंग 11 के लिए बतौर ओपनर क्रिस गेल और विराट कोहली का चयन किया। उन्होंने डेविड वार्नर जैसे खिलाड़ियों को बतौर ओपनर इग्नोर किया जिनका प्रदर्शन आईपीएल में शानदार रहा था। उन्होंने तीसरे नंबर पर एबी डिविलियर्स को रखा जबकि चौथे नंबर पर सुरेश रैना को जगह दी।

**धोनी को बनाया टीम का कप्तान-** पीटरसन ने इस टीम में बतौर कप्तान व विकेटीकीपर धोनी का चयन किया और उन्हें बैटिंग क्रम में 5वें नंबर पर रखा जबकि उन्होंने इस टीम में तीन शानदार ऑलराउंडर को जगह दी। छठे नंबर पर उन्होंने आंद्रे रसेल, 7वें स्थान पर रविंद्र जडेजा और 8वें नंबर पर सुनील नरेन को रखा। ये तीनों खिलाड़ी बल्लेबाजी व गेंदबाजी दोनों में बेहतरीन हैं।

**मलिंगा और बुमराह को बतौर तेज गेंदबाज टीम में दी जगह-** पीटरसन ने इस टीम में स्पिनर के रूप में युजवेंद्र चहल का चयन किया जबकि तेज गेंदबाज के रूप में लसिथ मलिंगा और जसप्रीत बुमराह को टीम में जगह दी। केएल राहुल को इस टीम में जगह नहीं देने के बारे में उन्होंने कहा कि वो ओपनर के रूप में शानदार रहे हैं, लेकिन गेल और कोहली उनसे बेहतर हैं जबकि मध्यक्रम में राहुल की जगह कहीं नहीं बनती है।

### पीटरसन की ऑल-टाइम प्लेइंग 11

क्रिस गेल, विराट कोहली, एबी डिविलियर्स, सुरेश रैना, एमएस धोनी (कप्तान व विकेटकीपर), आंद्रे रसेल, रविंद्र जडेजा,सुनील नरेन, युजवेंद्र चहल, लसिथ मलिंगा, जसप्रीत बुमराह।

## इरफान पठान ने चेन्नई सुपर किंग्स नहीं मुंबई इंडियंस को बताया सर्वश्रेष्ठ, भारतीय टीम का दिया हवाला




**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग सबसे सफल टीमें चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस हैं। दोनों टीमों ने पांच-पांच खिताब जीते हैं। दोनों ने एक से बढ़कर एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिए हैं। ऐसे दोनों टीमों में से सर्वश्रेष्ठ कौन है इसे लेकर बहस होती रहती है। भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने मुंबई इंडियंस को चेन्नई सुपर किंग्स के मुकाबले सर्वश्रेष्ठ टीम बताया है। उन्होंने इसका कारण भारतीय टीम को बताया है। पठान ने जियोस्टार पर चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस को लेकर कहा, 'आईपीएल की सर्वश्रेष्ठ टीम के तौर पर चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस में से किसी एक को चुनना हमेशा बहस का मुद्दा रहेगा। चेन्नई सुपर किंग्स ने 2010 से आईपीएल खिताब जीतना शुरू किया। उसने 2010 और 2011 में लगातार खिताब जीते और ऐसा करने वाली वे पहली टीम थीं, लेकिन जब मुंबई इंडियंस ने 2013 से जीतना शुरू किया, तो वह हर दूसरे साल जीतती रही। फिर उसने 2019 और 2020 में लगातार आईपीएल ट्रॉफी जीती।'

**भारतीय टीम को काफी मैच जिताऊ खिलाड़ी दिए:** पठान ने कहा, 'मुंबई के बारे में मुझे जो बात पसंद है वह भारतीय क्रिकेट में उनका योगदान है। उन्होंने भारतीय टीम को काफी मैच जिताऊ खिलाड़ी दिए हैं। यह वाकई जबरदस्त है। आप यह कैसे हासिल करते हैं? पहले आप अपनी फ्रेंचाइजी को बड़ा बनाते हैं। दूसरा आप अपनी टीम के साथ नतीजे देते हैं। अभी भी पिछले सीजन में मुंबई इंडियंस के पास एक बेहतरीन टीम थीस जो आसानी से ट्रॉफी जीत सकती थी, लेकिन वह कुछ कारणों से ऐसा नहीं कर सकी।'

**मुंबई इंडियंस आगे:** पठान ने कहा,'चेन्नई के पास चार भारतीय कप्तान नहीं हैं, मुंबई इंडियंस के पास हैं। इस लिहाज से, एक टीम बनाना और एक बड़े मकसद में योगदान देना मुझे लगता है कि मुंबई इंडियंस आईपीएल की सबसे बड़ी टीम है। मुझे पता है कि चेन्नई हमेशा कहेगी कि वे भी सबसे बड़ी हैं, क्योंकि उन्होंने पांच ट्रॉफी भी जीती हैं। इसमें कोई शक नहीं है। हमेशा बहस होती रहेगी और यह एक सही बहस है, लेकिन मुझे लगता है कि मुंबई इंडियंस इसलिए आगे हैं क्योंकि उन्होंने भारतीय क्रिकेट को बहुत सारे शानदार क्रिकेटर और युवा प्रतिभा दिए हैं।

## न्यूजीलैंड के पास 21 साल का सूखा खत्म करने का मौका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के पास साउथ अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज जीतने का सुनहरा मौका है। पांच मैचों की सीरीज में कीवी टीम 2-1 से आगे है। साउथ अफ्रीका को पहले टी20 में जीत मिली थी। इसके बाद न्यूजीलैंड ने दूसरे और तीसरे टी20 में जीत दर्ज की। अब उसके पास 21 साल का सूखा खत्म करने का मौका है। न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ केवल 1 बार सीरीज जीती है।

न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच 6 टी20 सीरीज हुई हैं। न्यूजीलैंड ने 2005 में खेली गई पहली सीरीज जीती थी। यह सिर्फ एक मैच की सीरीज थी। इसके बाद से उसे जीत नहीं मिली है। साउथ अफ्रीका ने 2007, 2012 में दो बार और 2017 में सीरीज जीती है। 2015 में सीरीजी ड्रॉ रही। दोनों टीमों के बीच तीन बार एक मैच और दो बार तीन मैच की सीरीज हुई है। एक बार दो मैचों की सीरीज हुई है।

### न्यूजीलैंड की संभावित प्लेइंग 11

टॉम लैथम (कप्तान और विकेटकीपर), केटीन क्लार्क, टिम रॉबिन्सन, निक केली, बेवन जैकब्स, जेम्स नीशम, कोल मैककोन्ची, जोश क्लार्कसन/नाथन स्मिथ, काइल जैमीसन, बेन सियर्स, जायडन लेनोक्स/जैक फाउल्केस।

### साउथ अफ्रीका की संभावित प्लेइंग 11

टोनी डी जोर्जी, वियान मुल्डर, कॉनर एस्टरहुइजन (विकेटकीपर), रुबिन हरमन, जेसन स्मिथ, डियान फॉरेस्टर, जॉर्ज लिंडे, गेराल्ड कोएत्जी, केशव महाराज (कप्तान), नकोबानी मोकोएना, ओटनील बार्टमैन।

# अभिषेक शतक से चूके इशान किशन भी चमके

● पंजाब के खिलाड़ी ने 5 गेंद 5 छक्के जड़ प्रैक्टिस में मचाया तहलका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के लिए सनराइजर्स हैदराबाद (स्त्र्ा) की तैयारियां जोरो पर है। शनिवार (21 मार्च) को इंट्रा स्क्वाड मैच के दौरान अभिषेक शर्मा शतक से चूक गए। पैट कमिंस के चोटिल पर कप्तान बनाए गए इशान किशन का भी बल्ला चला। साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने भी अच्छी बल्लेबाजी की, लेकिन सुर्खियां बंटोरी पंजाब के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाले सलिल अरोड़ा ने। सलिल ने 5 गेंद पर 5 छक्के जड़कर तहलका मचा दिया।

आईपीएल 2026 की नीलामी में 30 लाख के बेस प्राइस वाले सलिल अरोड़ा को सनराइजर्स हैदराबाद ने 1.50 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा। सनराइजर्स ने सलिल को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में धमाकेदार प्रदर्शन के बाद अपने साथ जोड़ा था। उन्होंने झारखंड के खिलाफ मैच में 39 गेंद पर शतक जड़ दिया था। उन्होंने उस मैच में 45 गेंद पर 125 रन बाए थे। इसमें 9 चौके और 11 छक्के शामिल हैं।

**सनराइजर्स की गेंदबाजी-** सनराइजर्स हैदराबाद की गेंदबाजी की बात करें तो जयदेव उनादकट ने 5 विकेट लिए, लेकिन 48 रन लुटाए। नितीश रेड्डी ने 32 रन देकर 3 विकेट लिए। हर्षल पटेल ने 45 रन देकर 3 विकेट लिए। जीशान अंसारी ने 66 रन देकर 1 विकेट लिए। ब्रायडन कार्स ने 38 रन देकर 1 विकेट लिए साकिब हुसैन ने 45 रन देकर 2 विकेट झटके।

### सलिल ने 26 गेंद पर नाबाद 56 रन बनाए

सनराइजर्स के प्रैक्टिस मैच की बात करें तो सलिल ने 26 गेंद पर नाबाद 56 रन बनाए। इसके अलावा हर्ष दुबे ने भी 14 गेंद पर ही 37 रन ठोके। अभिषेक शर्मा ने 42 गेंद पर 94 रन बनाए। हेनरिक क्लासेन ने 31 गेंद पर 49 रन बनाए। इशान किशन ने 25 गेंद पर 72 रन ठोके। उन्होंने दो बार बल्लेबाजी की। पहली बार उन्होंने 15 गेंद पर 18 रन बनाए।



## 'सर्जरी बड़ा कदम था, उनके होने से मुमकिन हुआ'

### अनाया बांगड़ ने पिता के साथ फोटो शेयर कर किया भावुक पोस्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय बांगड़ के बेटे से बेटी बनीं अनाया बांगड़ ने हाल ही में थाईलैंड में हुई लिंग बदलवाने के लिए सर्जरी कराई। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इस प्रक्रिया को लेकर इमोशनल सफर के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने अपने पिता के साथ अस्पताल की एक तस्वीर फोटो शेयर की और लिखा कि सर्जरी कराना बहुत बड़ा कदम था, लेकिन पिता संजय बांगड़ की मौजूदगी से यह मुमकिन हुआ। अनाया ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मुझे समझने,स्वीकारने और मेरे साथ खड़े होने में समय लगा। यह तुरंत नहीं हुआ। हम सभी के लिए उलझन,सवाल और विकास के पल थे। लेकिन आज इस मोड़ पर मैं शुक्रगुजार हूं। मेरी जिंदगी के सबसे जरूरी पलों में से एक में मेरे पिता का मेरे साथ होना मेरे लिए सबकुछ है।'

### सर्जरी मेरे लिए एक बड़ा कदम

अनाया ने कहा, 'उनका समर्थन रातों-रात नहीं मिला... लेकिन जब मिला तो वह बिना किसी शर्त के और मजबूत था। यह सर्जरी मेरे लिए एक बड़ा कदम था, लेकिन उनके मेरे साथ होने से यह मुमकिन लगा। वृद्धि में समय लगता है। प्यार में समय लगता है, लेकिन जब यह मिलता है तो यह सबकुछ के लायक होता है।' अनाया के इस पोस्ट पर भारत के खिलाड़ी सरफराज खान ने कमेंट भी किया।

### ओरलियंस मास्टर्स सुपर 300: ओकुहारा से हार तन्वी का शानदार अभियान सेमीफाइनल में समाप्त

# ईशारानी बरुआ भी हारीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की युवा शटलर तन्वी शर्मा को शनिवार (21 दिसंबर) को ओरलियंस मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में अपनी गलतियों पर नियंत्रण नहीं कर पाने के कारण पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। वहीं एक अन्य भारतीय खिलाड़ी ईशारानी बरूआ को भी महिला एकल के सेमीफाइनल में थाईलैंड की पिचामोन ओपाटनिपुथ से 12-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा। इससे खिताबी मुकाबला ओकुहारा और ओपाटनिपुथ के बीच खेला जाएगा।

भारत की सत्रह वर्षीय खिलाड़ी तन्वी पूरे मैच के दौरान अपनी लेंथ और नियंत्रण को लेकर जूझती रहीं। विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता को 35 मिनट में 31 वर्षीय ओकुहारा (2016 की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और 2017 की विश्व चैंपियन) के हाथों 9-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। तन्वी ने पिछले साल सैयद मोदी इंटरनेशनल में ओकुहारा के खिलाफ तीन गेम के एक रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल की थी।

**भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम गंवाया-** लंबी रैलियों के लिए मशहूर ओकुहारा ने पहले गेम में 3-0 की बढ़त बना ली और फिर तन्वी की गलतियों के कारण 6-3 पर पहुंच गई। तन्वी लगातार लाइन से चूकती रहीं और ब्रेक तक जापानी खिलाड़ी से 6-11 से पिछड़ रही थीं। ओकुहारा ने अपनी रैलियों और जोरदार स्मैश से 19-7 की बढ़त बना ली। फिर ओकुहारा ने एक और आक्रामक स्ट्रोक के साथ 12 गेम प्वाइंट हासिल कर लिए। इस तरह भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम गंवा दिया। ओकुहारा ने 25 शॉट की एक रैली जीती और फिर एक क्रॉस-कोर्ट स्मैश लगाकर वह जीत के और करीब पहुंच गई। 18-14 के स्कोर पर ओकुहारा ने अपनी दाईं ओर डाइव लगाकर एक शानदार बचाव किया और जीत से सिर्फ दो अंक दूर रह गई। इसके बाद तन्वी ने फिर से वाइड शॉट खेला, जिससे ओकुहारा को मैच जीतने के पांच मौके मिल गए। तन्वी ने एक मौका क्रॉस-कोर्ट स्मैश लगाकर बचाया, लेकिन फिर ओकुहारा ने एक बेहतरीन 'स्लाइस विनर' शॉट लगाकर मैच अपने नाम कर लिया।



### भारतीय खिलाड़ी को काफी संघर्ष करना पड़ा

कोच ने ब्रेक के दौरान तन्वी को प्रेरित करने की कोशिश की। हालांकि, दूसरे गेम में भी यही सिलसिला जारी रहा। ओकुहारा 3-0 से आगे हो गई। भारतीय खिलाड़ी को अपने शॉट्स पर नियंत्रण रखने में काफी संघर्ष करना पड़ा। ओकुहारा ने दबाव बनाए रखा और एक और सटीक स्मैश लगाकर स्कोर 10-6 कर दिया। तन्वी के एक और वाइड शॉट ने ओकुहारा को ब्रेक के समय चार अंक की बढ़त दिला दी। ब्रेक के बाद भारतीय खिलाड़ी ने थोड़ी देर के लिए वापसी की और स्कोर 12-12 से बराबर कर दिया। ओकुहारा ने कई गलतियां कीं जिससे ऐसा हुआ।

# IPL 2025: मिस्ट्री स्पिनर पड़े फीके

### गेंदबाजी में पहले जैसी धारदार नहीं', केकेआर को लेकर अश्विन का बड़ा दावा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कोलकाता नाइट राइडर्स (च्यक्र) के गेंदबाजी आक्रमण को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि केकेआर की गेंदबाजी पहले जैसी धारदार नहीं है और उनके 'मिस्ट्री' स्पिनर भी फीके पड़ गए हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले केकेआर की ताकत और कमजोरी का विश्लेषण करते हुए अश्विन ने कहा कि भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर अब काफी जिम्मेदारी होगी। पीटीआई के अनुसार अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मुझे नहीं लगता कि केकेआर की गेंदबाजी देखकर विरोधी टीम डरेंगी। 'मिस्ट्री फैक्टर', 'नवीनता' और खौफ, ये सब अब खत्म हो चुके हैं। पहले बल्लेबाज विश्लेषक के कमरे में जाकर गेंदबाज के हाथ को देखते थे या फिर एक रन लेने की बात सोचते थे। वरुण अपने करियर के ऐसे दौर में हैं जहां उन्हें जवाब ढूंढने होंगे। यह हर क्रिकेटर के विकास का हिस्सा होता है। मुझे लगता है कि नवीनता का तत्व अब खत्म हो गया है।' अश्विन ने यह भी कहा कि अनुभवी ऑलराउंडर सुनील नरेन की प्रभावशीलता भी कम हो गई है। उन्होंने कहा, 'सुनील नरेन अब अपने एक्शन की वजह से अपनी तेज गेंद नहीं डाल सकते। ईडन गार्डन छोटा मैदान है इसलिए विरोधी टीमों के लिए आक्रामक होना आसान हो गया है।' अश्विन ने जोर देकर कहा कि केकेआर के गेंदबाजों के लिए आक्रामक बल्लेबाजी लाइन-अप को रोकना मुश्किल हो सकता है, खासकर छोटे मैदानों पर। उन्होंने यह भी कहा कि चोटों और खिलाड़ियों में बदलाव के कारण गेंदबाजी इकाई कमजोर हो गई है। उन्होंने कहा, 'नीलामी के बाद मैंने कहा था कि केकेआर की गेंदबाजी मजबूत है, लेकिन अब मुस्तफिजुर रहमान टीम में नहीं हैं। माथीशा पथिराना चोटिल हैं और हर्षित राणा भी बाहर हो चुके हैं। केकेआर के पास ब्लेसिंग मुजरबानी हैं, जिन्होंने मेहनत की है और मैं उन्हें देखने के लिए उत्साहित हूं, लेकिन इतनी चोटों के बीच किसी को बड़ी जिम्मेदारी निभानी होगी और वो कौन होगा, मुझे नहीं दिखता।'

# चैत्र नवरात्रि में उमड़ा आस्था का सैलाब: एक लाख से अधिक भक्तों ने किए मां शारदा देवी के दर्शन





**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर मध्यप्रदेश के मैहर स्थित मां शारदा देवी मंदिर में आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिल रहा है। देशभर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहां पहुंचकर मां के दर्शन कर रहे हैं। नवरात्रि के चौथे दिन रविवार को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, जिसमें कुल 1 लाख 4 हजार 784 श्रद्धालुओं ने मां शारदा के दरबार में पहुंचकर दर्शन लाभ प्राप्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन श्रद्धालुओं में से 1 लाख 723 भक्तों ने पैदल मार्ग से यात्रा कर मंदिर तक पहुंचकर अपनी श्रद्धा प्रकट की। वहीं 1 हजार 561 श्रद्धालु वैन मार्ग से तथा 2 हजार 500 श्रद्धालु रोपवे के माध्यम से मां के दरबार तक पहुंचे। यह आंकड़ा न केवल श्रद्धालुओं की गहरी आस्था को दर्शाता है, बल्कि मैहर धाम की धार्मिक महत्ता को भी उजागर करता है नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर परिसर में लगातार भक्तों की भीड़ बनी हुई है। दूर-दराज के राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। भक्त माता के जयकारों के साथ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना रहे हैं श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन और मंदिर समिति द्वारा व्यापक एवं सुदृढ़ व्यवस्थाएं की गई हैं। सुरक्षा के लिए पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई है, वहीं भीड़ नियंत्रण हेतु बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी और अलग-अलग प्रवेश एवं निकास मार्ग बनाए गए हैं। इसके अलावा चिकित्सा सुविधा, पेयजल, स्वच्छता और विश्राम की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े प्रशासन द्वारा रोपवे और वैन सेवाओं का संचालन भी सुचारू रूप से किया जा रहा है, जिससे बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे आसानी से मंदिर तक पहुंच सकें। पैदल मार्ग पर भी प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे शांति और अनुशासन बनाए रखते हुए दर्शन करें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें मैहर में मां शारदा देवी के दरबार में उमड़ी यह आस्था की भीड़ न केवल धार्मिक भावना का प्रतीक है, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को भी सशक्त रूप से प्रदर्शित करती है। नवरात्रि के शेष दिनों में भी इसी प्रकार श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि होने की संभावना है।

## अन्तर्वेदना में माँ की दिव्य कृपा एक श्रद्धांजलि राजगुरु मनोज अग्निहोत्री का लेख



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** हे जगजननी दुर्गे माँ, माता जानकी नवरात्रि के इस पावन पर्व में मैं आपके दिव्य रूप की खोज में हूं जीवन की गहरी अन्तर्वेदना के बीच, मैं आपके रचनात्मक आशीर्वाद को महसूस कर रहा हूं आपने मुझे मानव देह देकर जीवन की वास्तविकता को समझने का अद्वितीय अवसर दिया इस देह के माध्यम से मैं पाँचों तत्वों- क्षिति, जल, पावक, गगन और समीरा-की आनंदमयी अनुभूति कर सकता हूं और दसों इन्द्रियों का सही नियंत्रण कर सकता हूं। यही तो मानव जीवन का परम सौभाग्य है, जिसके लिए मैं आपका आभारी हूं माँ, जब भी मैंने जीवन के संघर्षपूर्ण और विकट समय का सामना किया, तब आपकी कृपा से ही मुझे साहिल मिला आपके आशीर्वाद से ही मैंने अपने गुरुवर रामानुचार्य जी से अद्भुत मार्गदर्शन प्राप्त किया और उनके सान्निध्य में सेवा का सौभाग्य पाया आपके आशीर्वाद से मुझे महान माता-पिता, भाई-बहनों, पत्नी और बच्चों का प्यार मिला आपके द्वारा प्रदत्त शक्ति के कारण, मैं अपने परिवार और समाज की सेवा करने में सक्षम हूं आपकी महिमा में बसी हर एक क्रिया में मैंने आपकी दिव्य उपस्थिति को महसूस किया जब कभी भी विपत्तियाँ आयीं, आपने मुझे संकट से उबारा। आपकी कृपा से ही जीवन की समस्याएँ सुलझीं और मुझे समय-समय पर संबल मिला। आपसे कुछ न मांगना, ही सच्चे अर्थों में सब कुछ प्राप्त करना है। आपकी आशीर्वाद से ही सब समस्याएँ सुलझती हैं और हम प्रेमपूर्वक जीवन जीते हैं। मैं हमेशा आपका ऋणी रहूंगा और आपको अपने जीवन की राह पर मार्गदर्शन देने के लिए प्रार्थना करता हूं। पुन:, आपके चरणों में कोटिश: प्रणाम राजगुरु मनोज अग्निहोत्री है।

## एचआईवी मामले के बाद सतना जिला अस्पताल में घटा रक्तदान

### ब्लड बैंक में सिर्फ 5 यूनिट रक्त, थैलेसीमिया मरीजों को हो सकती है गंभीर परेशानी



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना जिला अस्पताल का ब्लड बैंक इन दिनों खून की भारी कमी से जूझ रहा है। शनिवार को यहां सिर्फ 5 यूनिट रक्त ही स्टॉक में बचा था, जिससे मरीजों के सामने परेशानी खड़ी हो सकती है थैलेसीमिया बच्चों में एचआईवी संक्रमण का मामला सामने आने के बाद से लोग रक्तदान करने से हिचक रहे हैं। इसका सीधा असर ब्लड बैंक के स्टॉक पर पड़ा है पॉजिटिव ब्लड ग्रुप लगभग खत्म ब्लड बैंक के रिकॉर्ड के अनुसार ए, बी और ओ पॉजिटिव ब्लड पूरी तरह खत्म हो चुका है, जबकि एबी पॉजिटिव का केवल 1 यूनिट ही बचा है। यानी पॉजिटिव ग्रुप का कुल स्टॉक 1 यूनिट रह गया है निगेटिव ब्लड ग्रुप में हालात और खराब हैं। ए निगेटिव पूरी तरह खत्म है। बी और ओ निगेटिव का 1-1 यूनिट, जबकि एबी निगेटिव के 2 यूनिट उपलब्ध हैं कुल मिलाकर निगेटिव ग्रुप का स्टॉक 4 यूनिट है। कुल स्टॉक 5 यूनिट ही बचा दोनों को मिलाकर ब्लड बैंक में कुल सिर्फ 5 यूनिट रक्त उपलब्ध है, जो किसी भी बड़ी इमरजेंसी के लिए काफी नहीं है इसके अलावा 7 यूनिट ब्लड जांच के अधीन है, जिसका उपयोग टेस्ट के बाद ही हो सकेगा। थैलेसीमिया मरीजों पर सबसे ज्यादा असर अस्पताल के करीब 40 थैलेसीमिया मरीज इसी ब्लड बैंक पर निर्भर हैं। स्टॉक की कमी से इन मरीजों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो सकती है स्थिति को देखते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नलिनी शुक्ला ने खुद अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया वहीं, सीएमएचओ डॉ. मनोज शुक्ला ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की है।

## भाजपा महिला मोर्चा में सतना की सियासी ताकत बढ़ी, स्वप्ना वर्मा बनीं प्रदेश महामंत्री



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही सतना जिले की राजनीतिक मौजूदगी और प्रभाव मजबूत होता दिख रहा है। संगठन ने सतना की सक्रिय नेता स्वप्ना वर्मा को प्रदेश महामंत्री का महत्वपूर्ण पद सौंपा है। इसके साथ ही मधु बाल्मिक को जिला महामंत्री बनाया गया है। विश्लेषकों का कहना है कि स्वप्ना वर्मा की यह नियुक्ति महापौर योगेश ताम्रकार को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाकर सामने लाने जैसी रणनीति के तहत की गई है। इसे आगामी सतना विधानसभा चुनाव में भाजपा की तैयारियों का हिस्सा माना जा रहा है इन नियुक्तियों से पार्टी के भीतर भरोसा और संगठनात्मक प्रभाव का संकेत मिलता है। स्वप्ना वर्मा की प्रदेश स्तर पर बढ़ती भूमिका आने वाले समय में क्षेत्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देती है। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि भाजपा महिला मोर्चा के जरिए पार्टी जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत कर रही है। सतना की ये नेता स्थानीय राजनीति में पार्टी के लिए निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं, जिससे आगामी चुनावी रणनीति और प्रभावी होने की उम्मीद है।

## प्रभारी मंत्री राधा सिंह 24 मार्च को मैहर दौरे पर, विभिन्न कार्यक्रमों में लेंगी भाग



**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** मध्यप्रदेश शासन की पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री तथा मैहर जिले की प्रभारी मंत्री राधा सिंह 24 मार्च को मैहर के दौरे पर रहेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे प्रात: 5:40 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से मैहर पहुंचेंगी दौरे की शुरुआत में प्रभारी मंत्री प्रात: 8 बजे मां शारदा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर दर्शन करेंगी। इसके पश्चात वे प्रात: 10 बजे सर्किट हाउस में पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगी और संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करेंगी आधिकारिक कार्यक्रमों के तहत प्रभारी मंत्री प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगी, जिसमें विकास कार्यों, योजनाओं की प्रगति एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे वे ग्राम पंचायत पोडी में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगी, जहां विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया जाएगा सायं 4:30 बजे प्रभारी मंत्री संगीत महाविद्यालय में कथक हॉल का लोकार्पण करेंगी जो सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। दिनभर के कार्यक्रमों के पश्चात प्रभारी मंत्री सायं 5 बजे कार द्वारा चितरंगी के लिए प्रस्थान करेंगी। प्रशासन द्वारा उनके दौरे को लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## प्रदेश का 4.38 लाख करोड़ का बजट बढ़ाएगा आर्थिक विकास की गति

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मध्यप्रदेश में मोहन सरकार के अथक प्रयासों से राज्य की अर्थव्यवस्था 2026-27 में 18.48 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच जायेगी। राज्य के बजट प्रावधानों को देखते हुए उल्लेखनीय वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। वर्ष 2025-26 में जीएसडीपी 16.48 लाख करोड़ रुपये रही जो अब बढ़ रही है। राज्य की अर्थव्यवस्था तेज़ी से बढ़ रही है। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 4 लाख 38 हजार 317 करोड़ रुपये के बजट में विकास, सामाजिक सुरक्षा और अधोसंरचना विस्तार को केंद्र में रखा है। सरकार के प्रयासों से स्पष्ट है कि वित्तीय वर्ष के अंत में 44 करोड़ रुपये का राजस्व आधिक्य रहेगा। बजट में अधोसंरचना और विकास परियोजनाओं को गति देने के लिए 80 हजार 266 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय प्रस्तावित किया गया है। यह राज्य के जीएसडीपी का 4.80 प्रतिशत है। इससे प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों, शहरी अधोसंरचना और ग्रामीण विकास परियोजनाओं को नई गति मिलेगी। विकास योजनाओं को गति देने के लिए कई प्रमुख विभागों के आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। ग्रामीण विकास विभाग के बजट में 37 प्रतिशत, नगरीय विकास एवं आवास विभाग में 16 प्रतिशत, महिला एवं बाल विकास विभाग में 26 प्रतिशत, राजस्व विभाग में 43 प्रतिशत और स्कूल शिक्षा विभाग में 11 प्रतिशत की वृद्धि होगी। आगामी वर्ष में ग्रामीण आधारभूत संरचना, शहरी सुविधाओं और सामाजिक क्षेत्र को मजबूत बनाया जाएगा। किसान समृद्धि कृषि और किसानों के कल्याण को विशेष प्राथमिकता दी गई है। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के लिए 88 हजार 910 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। गैर-बजटीय संसाधनों को सम्मिलित करने पर इस क्षेत्र के लिए कुल लगभग 1 लाख 15 हजार करोड़ रुपये उपलब्ध होंगे। किसानों की आय बढ़ाने और कृषि गतिविधियों को आधुनिक बनाने में यह पहल मील का पत्थर साबित होगी।

# ग्राम बम्हरौला में विकास कार्यों का भूमिपूजन, राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने दी सौगात



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले के रैगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बम्हरौला में रविवार को विकास कार्यों की नई शुरुआत हुई। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने विभिन्न निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को महत्वपूर्ण सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास सरकार की प्राथमिकता में शामिल है और इसके लिए आधारभूत सुविधाओं का विस्तार आवश्यक है राज्यमंत्री बागरी ने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क, सामुदायिक संसाधनों का विकास और जनसुविधाओं का विस्तार ग्रामीण जीवन स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से न केवल ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन के लिए भी बेहतर स्थान उपलब्ध हो सकेगा। कार्यक्रम के अंतर्गत पतारी टोला में 7 लाख रुपये की लागत से पीसीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही 20 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य की भी आधारशिला रखी गई। यह भवन ग्रामवासियों के लिए सामाजिक कार्यक्रमों, बैठकों एवं अन्य गतिविधियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। इसके अतिरिक्त पतारी से रनेही मार्ग तक लगभग 400 मीटर लंबाई की ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य, जिसकी लागत लगभग 5 लाख रुपये है, का भी भूमिपूजन किया गया। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुगमता प्राप्त होगी और आसपास के गांवों के बीच संपर्क और अधिक मजबूत होगा। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे और उन्होंने विकास कार्यों के लिए सरकार एवं राज्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे ग्राम बम्हरौला में इन विकास कार्यों की शुरुआत को क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे ग्रामीण अंचल में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा और लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है।

## विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेला मझगवां में, युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय आईटीआई एवं रोजगार कार्यालय सतना द्वारा विशेष पहल की गई है। इसी क्रम में विकासखण्ड स्तर पर रोजगार मेले (प्लेसमेंट ड्राइव) का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी शुरुआत 23 मार्च को मझगवां से होगी। यह आयोजन 30 मार्च 2026 तक सतना एवं मैहर जिले के विभिन्न स्थानों पर संचालित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी एसआईएस सिक्योरिटी सर्विस द्वारा सिक्योरिटी गार्ड एवं सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती की जाएगी। यह अवसर विशेष रूप से उन युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है, जो न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के आधार पर रोजगार की तलाश में हैं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 23 मार्च को जनपद पंचायत मझगवां, 24 मार्च को नगर परिषद एवं जनपद पंचायत कोटर, 25 मार्च को नगर परिषद एवं जनपद पंचायत बिरसिंहपुर, 26 मार्च को नगर परिषद एवं जनपद पंचायत कोठी तथा अंतिम चरण में 30 मार्च को जिला रोजगार कार्यालय सतना में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया जाएगा इन पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की आयु 19 से 40 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। साथ ही अभ्यर्थी का 10वीं अथवा 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों को अपने समस्त आवश्यक मूल दस्तावेज जैसे शैक्षणिक प्रमाण पत्र, पहचान पत्र पासपोर्ट साइज फोटो आदि के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होना होगा।

# श्रद्धालु सुरक्षा जाली लांघकर मंदिर पहुंचे, वीडीयो नवरात्रि मेले में भीड़, जोखिम भरा रास्ता ले रहे भक्त





**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** चैत्र नवरात्रि मेले के दौरान मैहर स्थित मां शारदा देवी मंदिर में लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। भीड़ के कारण सीढ़ी मार्ग और रोपवे पर लंबी कतारें लगने से कुछ श्रद्धालु जोखिम भरे पहाड़ी रास्तों का सहारा ले रहे हैं इस दौरान कुछ भक्तों को सुरक्षा जाली लांघकर मंदिर की ओर बढ़ते देखा गया जिसका वीडियो सामने आया है। वीडियो में श्रद्धालु लगभग 7 से 8 फीट ऊंची सुरक्षा जाली को पार कर पहाड़ी रास्ते से ऊपर चढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो एक-दो दिन पुराना बताया जा रहा है, जिसे किसी व्यक्ति ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड किया था प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए सीढ़ी मार्ग, रोपवे सहित अन्य निर्धारित व्यवस्थाएं की हैं। हालांकि, अत्यधिक भीड़ और जल्दबाजी के कारण कुछ लोग इन नियमों को नजरअंदाज कर जोखिम भरे मार्गों का उपयोग कर रहे हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से केवल सुरक्षित और निर्धारित मार्गों का ही उपयोग करने की अपील की है ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके इस मामले पर एसडीएम और मन्दिर प्रशासक दिव्या पटेल से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उनसे संपर्क नही हो सका है।

## सिन्धु विकास समिति की बैठक सम्पन्न, अमर शहीद हेमू कालानी का 103वां जन्मोत्सव मनाने का निर्णय



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** नगर की अग्रणी समाजसेवी संस्था सिन्धु विकास समिति की बैठक रविवार को अमर शहीद हेमू कालानी पार्क परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्थाध्यक्ष विनोद गेलानी ने की। इस अवसर पर संरक्षक चंद मनवाणी, गोपी गेलानी एवं मनोहर डिगवानी सहित कई वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे बैठक में विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति के मीडिया प्रभारी अमित कामरानी ने जानकारी देते हुए बताया कि क्रांतिकारी अमर शहीद हेमू कालानी का 103वां जन्मोत्सव 23 मार्च को प्रात: 9:15 बजे कवर नगर स्थित सिंधी कॉलोनी के हेमू कालानी पार्क में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी, जिनमें महापौर योगेश ताम्रकार, स्पीकर राजेश चतुर्वेदी 'पालन ', पार्षद गोपी गेलानी एवं पार्षद मनीष टेकवानी प्रमुख रूप से शामिल होंगे। कार्यक्रम में शहीद हेमू कालानी के जीवन और बलिदान को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 27 मार्च को हिन्दू पर्व समन्वय समिति द्वारा आयोजित रामनवमी शोभायात्रा में संस्था द्वारा रक्तदान जागरूकता पर आधारित झांकी निकाली जाएगी, जिससे समाज में सेवा और जागरूकता का संदेश दिया जा सके कार्यक्रम में संस्था के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें ज्ञान खटवानी, महेश जनवाणी, दीपक वाधवानी, जितेंद्र गावरी सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।